'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 36 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए रविवार, 21 अप्रैल 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

## सरकारी अनदेखी ने फेरा किसानों की मेहनत पर पानी, बारिश में भीगी फसल : हुड्डा

**मंडियों में नहीं हो रही सुचारू खरीद, बारिश से बचने के लिए तिरपाल व बारदाना भी नहीं- हुड्डा**

**ट्रांसपोर्टर्स के पास नहीं है उठान के लिए पर्याप्त गाड़ियां, उठान में हो रही देरी- हुड्डा**

**उठान में देरी के चलते किसानों को नहीं हो रहा भुगतान, इसलिए ब्याज भी दे सरकार- हुड्डा**

**पोर्टल का झंझट खत्म कर जल्दी खरीद करे सरकार, नमी में छूट की लिमिट भी बढ़ाए - हुड्डा**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बारिश के चलते मंडियों में फैली अव्यवस्था पर प्रतिक्रिया दी है।

उनका कहना है कि बीजेपी सरकार की अनदेखी ने एकबार फिर किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। क्योंकि बार-बार मांग के बावजूद सरकार ने मंडियों में सुचारू खरीद की और ना ही बारिश से फसल को बचाने के लिए तिरपाल व बारदारने की व्यवस्था की। किसान कई-कई दिनों से अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं और सरकार पोर्टल का झुंझुना बजा रही है। मंडियों में नियमित खरीद व उठान की कोई व्यवस्था नहीं हुई। उठान नहीं होने के चलते किसानों को भुगतान भी नहीं हो रहा है। 72 घंटे के भीतर भुगतान का दावा करने वाली सरकार की हकीकत एकबार फिर उजागर हो गई है। मंडी में काम करने वाले कारोबारियों ने बताया कि गेहूं उठान का टेंडर सिस्टम लगभग फेल हो चुका है। जिन ट्रांसपोर्टर्स को टेंडर दिया गया है, उनके पास पर्याप्त मात्रा में गाड़ियां ही नहीं है। इसलिए आढ़तियों को फसल उठवाने के लिए मजबूरी में टांसपोर्टर्स को नजराना यानी रिश्वत देनी पड़ रही है। किसान और आढ़ती ही नहीं, सरकार ने मजदूरी की दरों में भारी कटौती करके, मजदूरों पर भी बड़ी मार मारी है।

हुड्डा ने कहा कि मौसम विभाग द्वारा पहले से दी गई चेतावनी के बावजूद सरकार आंखें बंद करके सोती रही। उठा नहीं होने के चलते मंडियां अनाज से अटी पड़ी हैं। मजबूरी में किसानों को अपना गेहूं सड़कों पर डालना पड़ रहा है। इसलिए 6 महीने की दिनरात मेहनत से तैयार की गई किसान की फसल खुले आसेमान के नीचे पड़ी है और बार-बार भीग रही है। भारी मात्रा में गेहूं पानी के साथ बह गया है। किसान को हुए नुकसान के लिए सीधे तौर पर बीजेपी सरकार जिम्मेदार है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भुगतान में देरी के चलते किसानों को ब्याज देने की मांग उठाई है। उन्होंने दोहराया है कि सरकार पोर्टल का झंझट खत्म करके जल्द उठान और भुगतान करे ताकि किसान अगले सीजन की तैयारी कर सकें। साथ ही बारीश की वजह से जिन किसानों को नुकसान हुआ है, उनकी भरपाई सरकार द्वारा की जानी चाहिए। किसानों की परेशानी कम करने के लिए नमी में छूट की लिमिट को भी बढ़ाना चाहिए।

## मोदी ने लिया समान नागरिक संहिता कानून बनाने का संकल्प : धनखड़

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय औमप्रकाश धनखड़ ने रोहतक लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी सांसद डॉ अरविंद शर्मा के साथ क्षेत्र के दर्जनभर गांवों में ग्रामीणों से पार्टी के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया।

धनखड़ ने कहा कि भाजपा ने अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनाया, कश्मीर से धारा 370 को खत्म किया, तीन तलाक की रोकथाम के लिए कानून बनाया, सीएए को लागू किया। धनखड़ ने कहा कि भाजपा ने देश की जनता से संकल्प किया है कि समान नागरिक संहिता (युनिफोर्म सिविल कोड)का कानून बनाकर लागू किया जाएगा। भाजपा ने उत्तराखंड से इसकी शुरूआत कर दी है। देश की जनता जानती है कि मोदी जी जो कहते हैं उसको पूरा जरूर करते हैं, यही मोदी की गारंटी है।



धनखड़ ने कहा कि मोदी की गारंटी के रथ गांव गांव आए और आपके काम आपके गांव में ही किए। हर घर शौचालय बनवाया, रसोई गैस पंहुचाई, नल से शुद्ध जल हर घर पंहुचाया, आयुष्मान योजना से गरीब व्यक्ति की मंहगे ईलाज की चिंता खत्म की। अब आगे 70 वर्ष से अधिक आयु के बुर्जगों के निशुल्क ईलाज की गांरटी मोदी ने दी है। धनखड़ ने कहा कि कोरोना संकल काल में हर व्यक्ति की चिंता भाजपा की मोदी सरकार ने की और फ्री कोरोना के टीके लगाए, गरीब अन्न योजना के तहत फ्री राशन दिया, जो आगे पांच भी फ्री अनाज देने की गारंटी मोदी ने दी है। पीएम सम्मान निधि के पैसे सीधे किसानों के खातों में आ रहे हैं। फसल लागत मूल्य का डेढ़ गुणा भाव देने का कानून बनाया, बीमा योजना बनाकर लागू की। हरियाणा सरकार ने भावांतर भरपाई योजना का लाभ किसानों को दिया। मोदी ने भाजपा के संकल्प पत्र की प्रथम कॉपी सिलानी के किसान रामबीर को दिल्ली बुलाकर दी। यह मोदी के दिल में किसानों के सम्मान भाव को दर्शाता है।

धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का गठबंधन भ्रष्टाचार की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए है जबकि भाजपा की राजनीति सभी को साथ लेकर देश को आगे बढ़ाने की है । इसलिए देश भर से एक ही आवाज आ रही है इस बार भाजपा 400 पार और फिर से मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि दिल्ली प्रभारी होने के नाते वो पिछले कई दिनों से दिल्ली के प्रचार प्रसार में व्यस्त रहे। दिल्ली का राजनीतिक माहौल भाजपा के पक्ष में है और हरियाणा का भी माहौल भाजपा के पक्ष में है। इसलिए कह सकते हैं हरियाणा और दिल्ली की सभी 17 सीटों पर कमल खिलने जा रहा है।

**ढाकला मंडी में लिया फसल खरीद का जायजा**

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने ढाकला अनाज मंडी में पहुंचकर फसल खरीद का जायजा लिया और किसानों से उनका हाल चाल जाना। किसान बंधु धनखड को मंडी में मौजूद किसानों ने कहा कि अबकि बार रामजी की मेहर सै, फसल भी ठीक सै और मंडी में भी टाइम पै फसल ले रहे हैं। गेंहू और सरसों के भाव भी मोदी ने ठीक कर राखे सै। हम भी लोकसभा और आगे विधानसभा में ठोक कै जोटा मार देंगे। सांसद डॉ अरविंद शर्मा को फिर से लोकसभा में मोदी के साथ भेज देंगे। किसान बोले मोदी का लगाव हरियाणा के किसानों से कुछ ज्यादा ही है, इसलिए सिलानी गांव के किसान रामबीर को दिल्ली बुलाकर पार्टी के घोषणा पत्र की प्रथम कॉपी सौंपी । इससे हर किसान का सम्मान बढ़ा है।

## सिहमा भाजपा प्रत्याशी का विरोध... वोट मांगने आए चौधरी धर्मवीर को दिखाएं काले झंडे

**पूर्व मंत्री ओम प्रकाश यादव का भी विरोध**

**ग्रामीण बोले खट्टर ने भाईचारा खत्म किया**

**जब सीहमा को उप तहसील घोषित करने के बाद दोंगड़ा अहीर में खट्टर को बनाया था बंधक**





**समाचार गेट ब्यूरो**

**नारनौल।** विधानसभा नारनौल के गांव सीहमा में वोट मांगने पहुंचे भाजपा प्रत्याशी चौधरी धर्मवीर सिंह का ग्रामीणों ने काले झंडे दिखाकर विरोध किया। उनके साथ नारनौल विधानसभा से विधायक एवं पूर्व मंत्री ओम प्रकाश यादव सहित अन्य भाजपा नेताओं को भी ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए वह थोड़ी देर में ही कार्यक्रम छोड़कर चले गए। अब गांव के सरपंच के पति जो नारनौल के विधायक तथा रामपुर हाउस से जुड़ा हुआ है द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि यह सब एक तो कांग्रेसियों के द्वारा किया गया है, गांव में कोई विरोध नहीं है।

मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के मौजूदा सांसद हुए भाजपा की टिकट से भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा के प्रत्याशी चौधरी धर्मवीर सिंह शनिवार को वोट मांगने के लिए नारनौल विधानसभा के बड़े गांव सीहमा में आए थे। सुबह करीब 8 बजे गांव में एक सभा आयोजित की गई थी इस सभा के दौरान ग्रामीण पहले से ही काले झंडे लिए हुए बैठे थे।

बताया जा रहा है कि सांसद धर्मवीर सिंह और मंत्री ओमप्रकाश यादव जब ग्रामीणों को संबोधित करने लगे तो ग्रामीणों ने दोनों को काले झंडे दिखाकर विरोध जताया । उनके विरोध का कारण था कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा घोषित सिहमा को उप तहसील का न बनाया जाना। ग्रामीणों का कहना था कि मौजूदा भाजपा सरकार ने गांवों का भाईचारा बिगाड़ दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सीहमा गांव में आयोजित एक सभा में गांव को उप तहसील बनाने का ऐलान किया था। जिसके बाद इसका पड़ोस के गांव दोंगड़ा अहीर के लोगों ने विरोध किया था। गांव में विरोध करने वाले और भाजपा समर्थकों के बीच कुछ वाद विवाद भी हुआ।

गत 25 मई 2023 को लोंगड़ा अहीर के लोगों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री खट्टर का घेराव भी कर लिया था। ग्रामीणों का कहना था कि यह गांव लोंगड़ा अहीर की पुरानी मांग रही थी। इस प्रकार भाजपा सरकार दो पड़ोसी गांव के लोगों का भाईचारा समाप्त करना चाह रही है । जिसका दोनों गांव के ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। वहीं गांव वालों का विरोध होता देख सांसद धर्मवीर सिंह में पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव ने लोगों को काफी समझाया लेकिन लोगों ने उनकी एक ने सुनी, अपना प्रबल विरोध जताते रहे। इसके बाद सांसद, पूर्व मंत्री सहित सभी भाजपा नेता वहां से चले गए।

चौधरी धर्मवीर सिंह के अलावा पूर्व मंत्री व नारनौल के विधायक ओम प्रकाश यादव, नरेंद्र झिमरिया, पृथ्वीराज यादव एडवोकेट, बाबूलाल यादव पटीकरा सहित कई भाजपा नेता साथ थे।

सभी नेताओं के जाने के बाद घटना की भरपाई की कोशिश शुरू कर दी गई। गांव के सरपंच पति जो भाजपा नेताओं का करीबी है द्वारा इस घटना के पीछे कांग्रेस के लोगों का हाथ बता रहा है। उसका कहना है कि गांव में एक दूसरा भी व्यक्तियों ने इस तरह का काम किया है जिससे पूरे गांव की बदनाम हुई। वीडियो में 6 साल व्यक्ति हाथ में काला झंडा लिए हुए विरोध करते साफ दिखाई दे रहे हैं।

**अतीत की कहानी**

**जब तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का हुआ था विरोध**

जिला महेंद्रगढ़ के नारनौल विधानसभा के गांव सीहमा को उप तहसील का दर्जा दिए जाने का जबरदस्त विरोध किया जा रहा है। जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा सीहमा को उप तहसील बनाने का बीते कल शाम (गत 25 मई 2023) ऐलान किया गया था। इसके बाद अटेली विधानसभा के समीपवर्ती गांव दौंगड़ा अहीर के लोग भड़क गए। दौगड़ा अहीर के लोग पहले से ही उप तहसील की मांग कर रहे थे। इस गांव को महेंद्रगढ़ भिवानी सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने गोद लिया हुआ था।

गुस्साए ग्रामीणों ने रात को ही गांव में प्रदर्शन करके विरोध जताया। इसी गांव में तत्कालीन मुख्यमंत्री का रात्रि प्रवास था। ऐसे में रात के समय गांव का कोई भी व्यक्ति मुख्यमंत्री से मिलने नहीं गया। लोगों में मुख्यमंत्री के प्रति काफी गुस्सा है।

सुबह प्रशासन के आग्रह पर कुछ लोग मिलने के लिए जब तत्कालीन सीएम के पास पहुंचे तो खट्टर ने मिलने से मना कर दिया। गांव वाले जबरदस्त आक्रोशित थे और कह रहे थे कि मुख्यमंत्री को बाहर नहीं निकलने देंगे। बुला लो चाहे कितना भी पुलिस बल बुलाया जाए।

शुक्रवार सुबह भी लोग सड़कों पर उतर आए। भारी संख्या में महिलाएं भी सड़कों पर आ गई।सरकार, पार्टी और विधायक के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी करते हुए कहा कि मनमानी नहीं चलने देंगे। विरोध की जानकारी मिलते ही अटेली के विधायक सीताराम यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन उनका जबरदस्त विरोध हुआ। विधायक का ग्रामीणों ने घेराव किया। बाद में पुलिस की सहायता से उन्हें मुख्यमंत्री पड़ाव की तरफ भेजा गया। विधायक का विरोध होने पर मौके पर पुलिस अधीक्षक भी पहुंचे तथा उन्होंने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण अपनी बात पर अड़े हुए हैं।

गांव में काफी आक्रोश रहा और तनाव की स्थिति बनी रही। उधर भारी मात्रा में पुलिस बल मंगाया गया। गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। गांव के लोगों और महिलाओं का कहना है कि मुख्यमंत्री को नहीं जाने दिया जाएगा। डीजी सीआईडी आलोक गांव में पहुंचे हैं।

**सीएम और ग्रामीणों में बनी सहमति, ग्रामीणों को मिला आश्वासन का लालीपॉप**

सीएम ने कहा दोनों गांव की फिजिबिलिटी रिपोर्ट मंगवाएंगे जिस गांव की रिपोर्ट सही होगी उसी को उप तहसील बनाया जाएगा।

ग्रामीणों के प्रबल विरोध को देखते हुए आखिरकार खट्टर को झुकना पड़ा और उन्होंने गांव के 11 आदमियों के एक शिष्टमंडल से बात करने की हामी भरी। प्रशासन ने 11 लोगों के साथ मुख्यमंत्री की बात कराई। शिष्टमंडल के समक्ष व्यापक विचार विमर्श हुआ इसी बीच पूर्व शिक्षा मंत्री रामविलास शर्मा भी वहां पर आ गए। इस बातचीत में अटेली के विधायक सीताराम यादव भी उपस्थित थे।

बाहर आकर मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों के समक्ष कहा कि गांव की फिजिबिलिटी रिपोर्ट को लेकर अधिकारियों ने उनको नहीं बताया और सारी घटना का ठीकरा अधिकारियों के सिर पर फोड़ दिया। इस बैठक में तत्कालीन मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारियों से सीहमा को उप तहसील बनाने संबंधी फीजिबिलिटी रिपोर्ट मांगी गई थी। अधिकारियों ने उनको सही रिपोर्ट उपलब्ध नहीं करवाई। उन्हें नहीं पता था कि दौगड़ा अहीर की भी ऐसी मांग है । इसी बात पर जनता ने जब कहा कि विधायक ने मांग उठाई थी तो उन्होंने स्वीकार किया कि यहां सीताराम यादव ने विधानसभा में बात उठाई थी। उन्होंने आश्वासन दिया अब दोनों गांव की फीजिबिलिटी रिपोर्ट मंगवाएंगे जिस गांव की रिपोर्ट सही होगी उसी को उप तहसील बनाया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया था कि अटेली विधानसभा में जब भी जनसंवाद कार्यक्रम होगा वह इसकी घोषणा कर देंगे। इसके बाद ग्रामीणों ने विरोध बंद कर दिया लेकिन उनकी बातचीत के दौरान विरोध के नारे लगते साफ सुनाई दे रहे थे। ग्रामीणों द्वारा मुख्यमंत्री को सकुशल जाने के बाद जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली थी। इसके बाद सीएम जनसंवाद कार्यक्रम के लिए नांगल सिरोही के लिए रवाना हो गए थे।



# 1 मई को सुबह 11 बजे कुरूक्षेत्र में अपना नामांकन करेंगे अभय सिंह चौटाला

**वोट लेने के लिए एक खेत में लामणी और दूसरा मंडी में पल्लेदारी कर रहा है: अभय सिंह चौटाला**

**अगर ये दोनो सही में किसान हितैषी हैं तो एक पूरा दिन मेरे साथ खेत में गेहूं काटने में लगा दो, इनका रंग रूप भाषा सब कुछ बदल जाएगा और छोड़ कर भाग जाएंगे**

**मोदी की सारी गारंटियां फेल, अब तो मोदी की सिर्फ महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और पूंजीपतियों को अमीर करने की गारंटी है**

**गांव के लोगों से कहा  अपने और पराए की पहचान करो, जिंदल और गुप्ता ने नहीं मैंने किसानों की लड़ाई लड़ी और किए गए वादे के अनुसार विधायक पद से इस्तीफा दिया**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**कुरूक्षेत्र, 20 अप्रैल।** इनेलो के लोकसभा उम्मीदवार अभय सिंह चौटाला ने शनिवार को पेहवा हलका के दर्जन भर गांवों के दौरे किए और जनसभाओं को संबोधित इनेलो के पक्ष में वोट डालने की अपील की। सभी गांवों में पहुंचने पर लोगों ने इनेलो नेता का जोरदार स्वागत किया।

अपने संबोधन में अभय सिंह चौटाला ने कहा कि मोदी ने तीन बड़े वादे किए थे पहला कांग्रेस वाले जो काला धन विदेशों में ले गए थे उसे वापिस लाएंगे और 15 लाख रूपए सभी के खाते में डलवांएगे। दूसरा वादा किया किसान के साथ कि एमएसपी का कानून बनाएंगे और स्वामीनाथन की रिपोर्ट लागू करेंगे और 2022 तक फसलों के दाम दोगुना कर देंगे। तीसरा वादा देश के युवाओं से किया था कि हर साल 2 करोड़ नौकरी देंगे। आज तक न तो 15 लाख रूपए किसी के खाते में आए, न ही एमएसपी पर कानून बना और न ही दस साल में जो 20 करोड़ बच्चों को नौकरी देनी थी वो दी। आज बेरोजगारी का आलम यह हैं कि हर गांव से सैंकड़ों की तादाद में युवा अपने माता-पिता को जमीन बेचने पर मजबूर करते हैं और उसको बेच कर विदेश जा रहे हैं। सारसा गांव में लोगों ने बताया कि उनके गांव से 700 युवा विदेश जा चुके हैं। मोदी की सारी गारंटियां फेल हो गई। अब तो मोदी की सिर्फ महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और पूंजीपतियों को अमीर करने की गारंटी है। अब अगर गलती से इनका राज फिर से बन गया तो ये देश का संविधान बदल देंगे।

अभय सिंह चौटाला ने कहा कि गारंटी तो चौ. देवीलाल की थी। जहां मोदी ने एक भी वादा पूरा नहीं किया वहीं इस देश में अगर किसी ने अपने वादे पूरे किए तो वो चौ. देवीलाल थे। चौ. देवीलाल ने सौ रूपए पेंशन देने का वादा किया था और बुजुर्गों का ऐसा इंतजाम कर दिया कि वो सौ रूपए वाली पेंशन आज तीन हजार रूपए हो गई जो हर साल बढ़ेगी जिसे कोई काट नहीं सकता। चौ. देवीलाल ने वादा किया था कि किसान और कमेरे के दस हजार तक के कर्जे माफ करेंगे, गरीब की कन्या की शादी में 51 सौ रूपए कन्यादान देंगे और मुख्यमंत्री बनते ही पहली कलम से सभी वादे पूरे किए।

उन्होंने कहा कि चार सौ पार की बात करने वाली भाजपा ने उम्मीदवार तो उधार के ला रखे हैं। कुरूक्षेत्र में जो उम्मीदवार लाए हैं, वो दस साल पहले ही कुरूक्षेत्र को यह कह कर छोड़ गया था कि अब वो कभी चुनाव नहीं लड़ेगा। लेकिन मोदी ने पहले उसे कोयला चोर बताया फिर ईडी का डर दिखा कर उस से चंदा लिया अब उस को वाशिंग मशीन में धो कर लाए हैं। भाजपा अब इसको जबरदस्ती चुनाव लड़वा रही है। भाजपा मे जाने के बाद अब ये चोर नहीं रहा, कोहिनूर बन गया। और अब वोट लेने के लिए हजारों करोड़ रूपए का पूंजीपति अनाज मंडी में गेहूं की बोरी ढोता फिर रहा है। वहीं सुशील गुप्ता जो नवीन जिंदल की तरह हजारों करोड़ रूपए का पूंजीपति है और वो आम आदमी पार्टी का उम्मीदवार है। सुशील गुप्ता भी वोट लेने के लिए खेतों में गेहूं काटता फिर रहा है। किसान आंदोलन में जब पीपली में किसानों पर बीजेपी ने लाठीचार्ज करवाया था तब क्या सुशील गुप्ता और नवीन जिंदल में से कोई आया था?

सुशील गुप्ता ने हरियाणा की जीवन रेखा एसवाईएल पर एक शब्द भी नहीं कह रहा। उलटा सुप्रीम कोर्ट के एसवाईएल पर हरियाणा के पक्ष में आदेशों के बाद भी पंजाब का आम आदमी पार्टी का सीएम कहता है कि वो एक बूंद भी पानी नहीं देंगे। जो हमारे हक का पानी नहीं देंगे क्या उसे वोट दे दोगे? वोट लेने के लिए एक खेत में लामणी और दूसरा मंडी में पल्लेदारी करता फिर रहा है। अभय सिंह ने सुशील गुप्ता और नवीन जिंदल के बारे में कहा कि अगर ये दोनो सही में किसान हितैषी हैं तो एक पूरा दिन मेरे साथ खेत में गेहूं काटने में लगा दो, इनका रंग रूप भाषा सब कुछ बदल जाएगा और छोड़ कर भाग जाओगे। अभय सिंह चौटाला ने सारसा गांव में कहा कि वे 1 मई को सुबह 11 बजे कुरूक्षेत्र में नामांकन करेंगे जिस पर गांव के लोगों ने हजारों की संख्या में नामांकन भरवाने के लिए पहुंचने की हामी भरी।

अभय सिंह चौटाला ने गांव के लोगों से कहा कि अपने और पराए की पहचान करो। मैंने भी किसानों की लड़ाई लड़ी और किए गए वादे के अनुसार विधायक पद से इस्तीफा दिया। इस देश में 5 हजार से उपर विधानसभा, लोकसभा और राज्यसभा सदस्य हैं लेकिन सभी पीठ दिखा गए। सबसे मौकापरस्त कांग्रेस रही जिसके नेताओं ने तो केवल अखबारों में बयान दिए और कुछ नहीं किया।

# रांडा पेंशन से बात नहीं बनेगी युवाओं को रोजगार दे सरकार : जयहिंद

**नवीन जयहिंद की अपील पर हजारों युवा पहुंचे बेरोजगारों की बारात में**

**कोर्ट में मजबूत पैरवी कर भर्तियों के सभी कोर्ट केस का निपटारा करवाये सरकार : जयहिंद**

**विपक्ष कर रहा है बेरोजगारों के नाम पर राजनीति : जयहिंद**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद ने एक बार फिर हजारों बेरोजगारों के साथ बेरोजगारों की बारात निकली  इससे पहले रोहतक और जींद में भी बेरोजगारों की बारात निकली जा चुकी  इस बार उन्होंने करनाल में बेरोजगारों के साथ ये बारात निकली और सरकार को अपना वायदा याद दिलाया  ये बारात करनाल के पुराने बस स्टैंड शुरू होकर पुरे शहर से होती हुई डीसी ऑफिस पहुंची जहाँ नवीन जयहिंद और बेरोजगारों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नाम युवाओं की प्रमुख मांगों का ज्ञापन सौंपा गया

जयहिंद ने पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि आज वे बरोजगारों की बारात निकाल रहे है क्योंकि प्रदेश में कोई भी भर्ती पूरी नहीं हो रही है  टीजीटी से लेकर सीईटी तक सभी भर्तियों पर कोर्ट केस चल रहे है  आज ये सारे बेरोजगार बटेउ सरकार को अपना वायदा दिलाने के लिए आये है  जब पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा था की 50 हजार भर्तियाँ की जाएँगी और ग्रुप डी से पहले ग्रुप सी की भर्ती होगी  वे सरकार का धन्यवाद करते है कि उन्होंने रांडा पेंशन शुरू की लेकिन सभी युवा तो रांडे नहीं रह सकते और न सारे रांडे मुख्यमंत्री या गृहमंत्री बन सकते है पिहले 6 साल से कोई भी भर्ती पूरी नहीं हुई है  छोरे -छोरियों की शादी की उम्र निकल रही है  इनके बूढ़े माँ -बाप परेशान है इनकी शादी और नौकरी को लेकर जयहिंद ने कहा कि करनाल में आज प्रदेश के हर जिले से हजारों पढ़े-लिखे युवा आये है  कोई टीजीटी , कोई सीईटी ग्रुप 56-57, कोई ग्रुप डी,फायर ऑपरेटर, कोई सोसिओ इकोनोमिक के अंक तो कोई हरियाणा पुलिस की भर्ती की समस्या को लेकर आया हुआ है  इन सभी भर्तियो पर कोर्ट केस चल रहे है कोर्ट में इन भर्तियों को लेकर 22 अप्रैल को ग्रुप 56-57 और सोसिओ इकोनोमिक को लेकर 23 अप्रैल को सुनवाई है  लेकिन इन तारीखों पर जाने का समय आता है तो एजी साहब बीमार हो जाते है  वे एजी साहब को घी -दूध काजू -बादाम भेजने को तैयार है  उनकी सरकार से यही अपील है किसी दूसरे वकील को कोर्ट में भेजे और इन सभी भर्तियों को जल्द से जल्द कोर्ट केसों से बाहर निकलवाए , मजबूती से पैरवी कर निपटारा किया जाये और बेरोजगारों को नौकरी दी जाये

वही जयहिंद अपने साथ भंडारे का सामान जैसे घिया, पेठा की सब्जी, पनीर,मसाले, आटा, सरसों का तेल, चावल, छोले सहित तमाम सामग्री लेकर पहुंचे और कहा कि उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री को भी भर्तियां पूरी करने पर उनके नाम से देशी घी के भंडारे का ऑफर दिया था मोजुदा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भी यही ऑफर है वे भर्ती पूरी करवाए और भंडारा करवाए  उन्हें अपनी सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री का वायदा जरुर पूरा करना चाहिए

पिछले कई दिनों से प्रदेश के सैकड़ों युवा नवीन जयहिंद के पास फोन करके और उनके तम्बू में पहुँच कर सरकार पर दबाव डलवाकर पिछली पेंडिंग भर्तियो को पूरा करवाने की अपील कर रहे हैं  जिसके चलते एक बार फिर जयहिंद ने अबकी बार रोहतक की बजाए करनाल की सड़को पर बेरोजगारों के लिए बेरोजगारों की बारात निकालने का निर्णय लिया हैं

जयहिंद ने वही सरकार को भी अल्टीमेटम देते हुए कहा कि वे इन बेरोजगारों के हक़की लड़ाई के लिए हर संघर्ष के लिए तैयार है  सरकार 4 जून तक इन सभी भर्तियों पर मजबूत पैरवी कर कोर्ट से बाहर निकलवाए और पूरी करें  अगर सरकार की नीयत उन्हें सही नहीं लगी तो उसके बाद इन बेरोजगारों के साथ मिलकर सरकार से हर मोर्चे पर जंग को तैयार है  बेरोजगारों का महाभारत के युद्ध होगा  वे इन बेरोजगारों के साथ तन-मन-धन से साथ है

**प्रमुख झलकियाँ**

1.करनाल की सड़कों पर नवीन जयहिंद के नेतृत्त्व में निकली गई बेरोजगारों की बारात

हजारों युवा मोड़ बांध कर थिरकते नजर आये करनाल की सड़कों पर, सोनू मलिक मोखरा बने मुख्य दूल्हा

3.चिल्ड्रेन बैंक के उडाये गये पैसे, घोड़ी और रथ के साथ निकली गई बारात बनी करनाल में आकर्षण का केंद्र

4.जयहिंद के हाथों में भंडारे का सामान जैसे घिया, पेठा की सब्जी, पनीर,मसाले, आटा, सरसों का तेल, चावल, छोले सहित तमाम सामग्री

**हमारा किसी राजनीतिक दल से कोई सरोकार नहीं : जयहिंद**

पत्रकारों द्वारा जब जयहिंद से सवाल किया गया की वे किसे सपोर्ट करते है तो उन्होंने तपाक से जवाब दिया कि वे बेरोजगारों को सपोर्ट करते है  ये बेरोजगार न तो किसी राजनीतिक दल से है और न इन्हें चुनाव लड़ना है  सरकार अपना वायदा पूरा करें और इनकी भर्ती कोर्ट केसों से निकालवा कर पूरी करें इनकी कोई भी नई मांग नहीं है पिछले 2 साल से ये युवा लाखों रूपये इन भर्तियों को कोर्ट से बाहर निकलवाने पर खर्च कर चुके है

**विपक्ष कर रहा है बेरोजगारों के नाम पर राजनीति : जयहिंद**

वही जयहिंद ने विपक्ष को भी घेरते हुए कहा कि आज जब इन युवाओं को सबसे ज्यादा सुपोर्ट की जरूरत है  इनकी आवाज उठाए वाले चाहिए तो विपक्ष सड़क से गायब है विपक्ष के नेता सिर्फ वोटों की राजनीति कर रहा है  इनकी हक़की आवाज उठाने वाले नेता एसीयों में बैठ कर वोट गिन रहे है

# चिराग योजना : गुरिंदरजीत सिंह ने बच्चों के परिजनों के साथ पहुंचे बीईईओ ऑफिस

**गुरिंदरजीत सिंह ने कहा कि कहां मिल रहा है चिराग़ योजना से गरीब बच्चों को एडमिशन।**

**गरीबों को दर दर भटका रही है 'चिराग योजना'। पर प्राइवेट स्कूलों में नहीं हो रहा ऐडमिशन।**

**परिजनों ने शिकायत पत्र बीइईओ ऑफिस में दिए।**

**ऑफिसर ने भरोसा दिलाया कि आरटीई तहत अगर कोई स्कूल दाखिला देने में लापरवाही दिखा रहा है तो जांच होगी।**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के समाजसेवी इंजीनियर गुरिंदरजीत सिंह अर्जुन नगर ने 'चिराग योजना' पर बताया कि कहां मिल रहा है चिराग़ योजना से गरीब बच्चों को एडमिशन। कई स्कूल नही दे रहे एडमिशन। और आवेदन पत्र ज्यादा मिलने का बहाना बना रहे हैं।

गुरिंदरजीत सिंह कहा कि बीजेपी सरकार की सारी योजनाएं सिर्फ जुमला ही है। धरातल पर ऐसी योजनाओं का कोई असतित्व नहीं। जब सरकार ने 'चिराग योजना' की घोषणा की तो सभी को अच्छा लगा। इस से गरीब परिजनो को एक उम्मीद मिली कि अब उनके बच्चें भी प्राइवेट स्कूलों में पढ़ पाएंगे। इस के लिए वे 'चिराग योजना' विश्वास करके प्राइवेट स्कूलों में जा के ऐडमिशन फॉर्म भरने लगे। पर आज स्थिति ऐसी है कि कई परिजन अपने बच्चो के भविष्य के लिए घंटों लाइनों में लगे रहे। पर जब एक स्कूल में सीट न मिली तो दुसरे स्कूल गए। ज्यादातर परिजनो ने कहा कि वे अपनी दिहाड़ी मजदूरी छोड़ स्कूलों में जा रहे है पर बच्चों को 'चिराग योजना' से एडमिशन नही हो रहा। गुरिंदरजीत सिंह ने सरकार और प्रशासन को गुहार लगाई कि परिजनो



की दिक्कतो को दूर किया जाए और 'चिराग योजना' को धरातल पर सही तरीके से उतारे और बच्चो का एडमिशन कराने में परिजनों की मदद करे। समाजसेवी मुकेश सिंगला धनवापुर ने बताया कि वे सभी परिजनो के साथ है। और बच्चों को स्कूलों में दाखिला दिलाने में हर संभव कोशिश करेंगे। उन्होंने आज सभी परिजनो को बीईईओ ऑफिस में इकट्ठा किया और दाखिले में आ रही दिक्कतों के बारे में अधिकारियो को अवगत कराया। अनेकों परिजनो ने शिकायत पत्र बीइईओ ऑफिस में दिए। उन्होंने बताया कि विभिन्न स्कूलों में उन्होंने दाखिला फॉर्म भर जमा कराए है। पर कई स्कूलों ने फॉर्म लेने से मना कर दिया। तो कई स्कूलों ने कहा कि सरकारी नोटिस नही मिला। इस लिए परिजनो ने दाखिला होने में को दिककते आ रही है, वे शिकायत पत्र पर लिख बीईईओ ऑफिस में जमा कराई। बीइओ ऑफिस के आधिकारी ने सभी परिजनो के शिकायत पत्र लिए और उनकी शिकायते सुनी। साथ ही उन्होंने सभी परिजनों को कहा कि आरटीई के तहत अगर कोइ स्कूल दाखिला नही दे रहा तो वे दस्तावेज़ और जमा फार्म के सबूत के साथ ऑफिस में शिकायत दे सकते है, ताकि ऑफिस वाले ऐसे स्कूलों को तलब कर जवाब मांगेगे और परिजनों की उनके बच्चो को स्कूलों में दाखिला दिलाने में मदद करेंगे।

इस मौके पर गुरिंदरजीत सिंह, समाजसेवी मुकेश सिंगला के साथ बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

# 21अप्रैल महावीर स्वामी जयंती पर विशेष: महावीर स्वामी और उनकी शिक्षाएं



**समाचार गेट/सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

जैन धर्म के प्रवर्तक महावीर स्वामी का जन्म ईसा से लगभग 540 सौ वर्ष पूर्व उत्तरी बिहार के वैशाली राज्य के कुण्ड ग्राम में इक्वाछुवंशी क्षत्रिय परिवार में हुआ था! इनका बचपन का नाम जन्म के समय अत्रिकी था । महावीर के पिता गया के प्रधान थे। इनका विवाह यशोदा नामक राजकुमारी से हुआ वा, जिससे एक कन्या हुई। माता पिता के निधन के पश्चात महावीर तीस वर्ष की आयु में तपस्वी बन गये। बारह वर्ष तक कठोर तपस्या करने के बाद तेरहवें वर्ष में उन्हें ज्ञात प्राप्ति हुई और चूंकि उन्होंने अपनी इंद्रियों पर विजय पा ली थीं इसलिये उन्हें जितेन्द्रिय कहा जाने लगा।

जैन धर्म का उदय बौद्ध धर्म के पहले हुआ था। जैन धर्म को संगठित रुप महावीर ने दिया, किंतु जैन धर्मावलम्बी के अनुसार  महावीर उनके चौबीसवे तीर्थंकर थे। पहले ही तेईस तीर्थकर हो चुके थे। आरंभ के बाईस तीर्थकरों के बार में कोई विशेष जानकारी उपलब्ध नहीं है। तेईसवें तीर्थंकर पार्शवनाथ थे। पार्श्वनाथ बनारस के राजा अश्वसेन के पुत्र थे। स्वामी पार्श्वनाथ ने अपने अनुयायियों को अहिंसा, सत्य, चोरी न करना तथा अपरिग्रह इन चार व्रतों की दीक्षा दी थी।



महावीर ने अपने सिद्धांतों का प्रचार उत्तर भारत में किया। बहत्तर वर्ष की आयु में राजपुर के निकट (जिला पटना) पावा नामक स्थान पर महावीर को निर्वाण प्राप्त हुआ। महावीर को प्रारंभ में अपने धर्म के प्रचार में अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। कुछ समय तो उन्होंने अकेले ही धूम घूमकर शिक्षायें दी। बाद में उनके शिष्यों ने इस काम में उनकी बड़ी सहायता की। उस समय भारत में अनेक संप्रदाय तया कुछ नवीन धार्मिक विचारधाराओं का जोर था। उनका खंडन करके अपनी शिक्षा देकर लोगों में अपना मत स्थापित करना एक कठिन काम था। महावीर स्वामी का प्रचार क्षेत्र मुख्य रूप से मगध, विदेह और अंग तक सीमित था! स्वामी जी के धर्म में जीवन बड़े संयम व तपस्या का था, अत: बहुत कम लोग ही इस धर्म की ओर आकृष्ट हो रहे थे। उपवास द्वारा शरीर को तेजोमय करना बहुत अच्छा काम था ।

**महावीर स्वामी की मुख्य शिक्षाएं निम्न है।**

**1. त्रिरत्न** – जैन धर्ष के अनुसार आत्म- शिक्षा से ही आत्म ज्ञान की प्राप्ति हों सकती हैं. इसके लिये महावीर स्वामी ने कुछ सम्यक विश्वास, सम्यक ज्ञान तथा सम्यक कर्म पर अधिक जोर दिया। जैन धर्म में उपरोक्त तीनों नियमों को त्रिरत्न कहा जाता है। इन त्रिरत्नों के पालन से ही मोक्ष की प्राप्ति हो सकती हैं। महावीर स्वामी उपवास तथा तपस्या करके शरीर को अधिकाधिक दुर्बल बनाने की शिक्षा देते थे। जैन धर्म में तपस्या को बहुत महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त था।

**2. पंच महाव्रत**– महावीर स्वामी ने अपने अनुयायियों को इन निम्न पाँच महाव्रत के पालन का उपदेश दिया –

(1) **अहिंसा**– किसी भी जीवन को कष्ट न देना। किसी को छेड़ना, बाँधना, पीड़ा देने की हर करम को निषिद्ध किया गया है।

(2) **सत्य**– सदा सत्य कथन पर अपनी बात रखना।अप्रिय बात कहना, किसी की निंदा करना या कठोर शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिये।

(3) **चोरी न करना**– चोरी को एक प्रकार का पाप कहा गया है। चोरी असत्य भी है और हिंसा भी।

(4) **अपरिग्रह** – माया गोह से छुटकारा पाना। जीवन की जरूरत पूरी करने के अतिरिक्त धन का अधिक लोभ या मोह करना जैन धर्म में वर्जित है।

(5) **ब्रम्हचर्य** – महावीर स्वामी ने अपने अनुयायियों से ब्रम्हचर्य का पालन करने की बात कही है। उन्होंने व्रती जैनियों को विवाह न करने तथा ब्रह्मचर्य का पालन करने का उपदेश दिया।

**3. अहिंसा**– महावीर स्वामी ने अहिंसा पर सर्वाधिक बल दिया। उन्होंने मनुष्यों तथा पशु पक्षियों की भाँति पेड़ों तथा पत्थरों आदि में भी जीवन का असतित्व माना। उनका कहना था कि हर जैनी का कर्तव्य है कि वह किसी भी जीवन की हिंसा न करें। स्वामी पार्श्वनाथ ने अहिंसा पर जोर दिया था पर महावीर स्वामी ने अहिंसा पर और भी अधिक जोर दिया । आज भी इसी कारण बहुत से जैनी छानकर पानी पीते हैं और नाक पर कपड़ा बाँधकर रहते हैं, ताकि किसी कीड़े आदि की हत्या न हो जाये।

**4. पुनर्जन्म**– जैन धर्म में पुर्नजनम की मान्यता पर विश्वास किया जाता है। जन्म मरण के बंधन से छुटकारा पाने का एक ही उपाय है कि पूर्व जन्मों के कर्मों से छुटकारा पाना तथा नये अच्छे कर्म करना।

# बडवा में रक्तदान शिविर का आयोजन



**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी मंडी।** गांव बड़वा मे श्री शनि मंदिर सेवा समिति द्वारा सरस्वती सेवा ट्रस्ट नई धर्मशाला मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 54 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

शिविर में छेत्रीय रक्त संचार केंद्र सिविल हॉसपिटल हिसार से डाक्टर नरेंद्र शर्मा अपनी टीम सहित रक्त एकत्रित किया। कैंप के बारे में दीपक गर्ग ने बताया की इस प्रकार कैंप के माध्यम से जरूरतमंद लोगो को रक्त मुहैया करवाया जाता है।

कैम्प मे गांव की समाजिक संस्था शिवालिक युवा मंडल का विशेष सहयोग रहा व युवाओं ने बेहतरीन तालमेल के साथ कैम्प को सम्पन्न करवाया। कैम्प मे ललित शर्मा, हर्षित शर्मा, दीपक, प्रधान सुषमा, अनिल, मुकेश कुमार, रमेश, बनारसी,लतिका, रेनू, ज्योति, सुरेंद्र,नवीन, सुनील हरीश, दिनेश कुमार व ग्रामीणों का सहयोग रहा।

# रात्री को सेहलंग होटल पर खाना खाने आए चिडिया के युवकों से मारपीट कर घायल किया

## पुलिस ने चिडिया व बागोत सहित 7-8 युवकों के विरूध किया केस दर्ज

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** रात्री के समय होटल पर खाना खाने आए चिडिया गांव के युवकों के साथ मारपीट करने के आरोप में कनीना सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है।

इस बारे में रोहित कुमार वासी चिडिया ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह बीती 17 अप्रैल को रात्री करीब साढे 10 बजे प्रवीन व रोहित के साथ बाईक पर सवार होकर सेहलंग होटल से खाना लेने जा रहे थे। चिडिया जलघर के सामने उन्हें अरूण ओर मोहित मिल गए। बाईक को खडी कर उनके साथ गाडी में सवार होकर निकले तो बागोत बस स्टैंड पर सोमबीर व जितेंद्र मिले। जिन्होंने उनके साथ गाली-गलोच किया। वहां से निकल गए ओर सेहलंग होटल पर पंहुच कर खाना-पीना करने लगे तो करीब 11 बजे एक बोलेरो गाडी वहां आकर रूकी। जिसमें 7-8 युवक सवार बताए गए। युवकों ने उन पर धावा बोल दिया, एक युवक के हाथ में पिस्तोल बताई गई। रोहित,अरूण,प्रवीण तथा रोहित को चोटें लगी उसकी जेब से 6300 रूपये भी गिर गए। आवाज सुनकर पडौस के व्यक्ति आए तो आरोपी गाडी में सवार होकर फरार हो गए। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र के साथ 2021 में उसका झगडा हुआ था। जिसकी शिकायत चिडिया पुलिस चैकी में दर्ज कराई गई थी। वह तब से रंजिस रख रहा है। पुलिस ने मारपीट के आरोपी धर्मेंद्र उर्फ धर्मा, प्रिंस, विपिन, सोमबीर व जितेंद्र सहित 5-7 अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# राजस्थान की सीटों पर मतदान प्रतिशत घटना चिंता का विषय: जोशी

## जनता का मूड बदलाव की ओर भी संकेत करता है

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** लोकतंत्र के महापर्व पर देश की 102 सीटों पर हुए लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में राजस्थान में मतदान प्रतिशत कम रहा। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्टीय अध्यक्ष एलसी जोशी ने कहा कि मतदान के दौरान उन्होंने जयपुर, अलवर, भरतपुर, करौली, धौलपुर, दौसा, नागौर लोकसभा क्षेत्र के मतदान केद्रों का दौरा किया जहां मतदान धीमी गति से चला। उन्होंने कहा कि इन सीटों पर पिछली बार से इस बार छह प्रतिशत मतदान कम हुआ है। उन्होंने मतदान प्रतिशत में कमी आने पर चिंता जताते हुए कहा



कि इससे भाजपा को नुसान होता है या कांग्रेस को फायदा ये देखने की बात नहीं बल्कि ये माना जा रहा है कि जनता बदलाव के मूड में है। राजस्थान की जनता लोकतंत्र व संविधान बचाने के लिए प्रयासरत है। आमजन को मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी दिखानी चाहिए।

## समरस्य में दिखे प्रबंधन कौशल के अनोखे रंग

# श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में आयोजित फेस्ट में विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में समरस्य प्रबंधन फेस्ट-2024 का भव्य आयोजन किया गया। रत्नागिरी भवन में आयोजित इस फेस्ट में मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने कौशल, ज्ञान और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। अपनी प्रतिभा के बल पर छात्रा स्नेहा ने मिस मैनेजमेंट का खिताब जीता, जबकि छात्र रवि ने मिस्टर मैनेजमेंट चुने गए। कुलपति डॉ. राज नेहरू, कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा और मैनेजमेंट के डीन प्रोफेसर ऋषिपाल ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई दी। इससे पूर्व दीप प्रज्ज्वलित कर अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर आर एस राठौड़ ने फेस्ट का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रबंधन जीवन को व्यवस्थित बनाता है और आगे बढ़ने की दिशा देता है। प्रबंधन के माध्यम से हम अपने लक्ष्यों को सरलता सा प्राप्त कर सकते हैं। प्रोफेसर आर एस राठौड़ ने प्रबंधन विभाग को सभी विद्यार्थियों को



प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सब अच्छे लीडर के रूप में किसी भी संस्थान को आगे ले जाने में सक्षम बनेंगे। विद्यार्थियों में प्रबंधन के गुण विकसित करने के लिए उन्होंने सभी शिक्षकों की सराहना की।

इस फेस्ट में 130 विद्यार्थियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कभी विद्यार्थी नृत्य में झूमते नजर आए और कभी कविता पाठ से तालियां बटोरी। कहानी सुनाने से लेकर वाद-विवाद प्रतियोगिता, केस स्टडी, बिजनेस क्विज, एड-मैड, आइडियाथॉर्न में विद्यार्थियों ने खुद को साबित किया। प्रबंधन विभाग के शिक्षकों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा के लिए उनकी खूब पीठ थपथपाई। डीन मैनेजमेंट प्रो. ऋषिपाल, कार्यक्रम संयोजक डॉ. पिंकी, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. श्रुति, डॉ. सविता शर्मा, डॉ. पारुल भाटिया, डॉ. विकास मिश्रा और अन्य सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के प्रबंधन कौशल के लिए सराहना की। विभिन्न स्पर्धाओं के विजेता विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम संयोजक डॉ. पिंकी ने सभी अतिथियों एवं शिक्षकों का आभर ज्ञापित किया।

# बुजुर्ग महिला ने जेएलएन नहर में छलांग लगाकर की आत्महत्या

## शव को ढूंढने के लिए एसडीआरएफ व गोताखोर जुटे रहे



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-महेंद्रगढ सडक मार्ग सीति झगडोली के समीप से गुजर रही जवाहर लाल नेहरू कैनाल नहर में छलांग लगाकर एक महिला ने आत्म हत्या कर ली। महिला की पहचान कनीना विकास खंड के गांव रसूलपुर वासी चमेली देवी 73 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि घरेलू कलह के चलते महिला ने यह कदम उठाया। महिला शुक्रवार दोपहर डेढ बजे बस में सवार होकर नहर के समीप उतरी ओर करीब 200 गज उसके साथ-साथ चलने के बाद कपडे,चप्पल,हाथ में लेने की छडी व नामपता मोबाईल नम्बर लिखी पर्ची किनारे पर रखकर नहर में कूद गई। खेतों में काम कर रहे झगडोली के एक व्यक्ति ने उसे बचाने का प्रयास भी किया लेकिन पानी अधिक व बहाव तेज होने सफल नहीं हो सका। ग्रामीण ने पर्ची पर लिखे नम्बरों से परिजनों को सूचना दी। जिससे वे मौके पर पंहुचे।

शुक्रवार रात्री तक उसका शव बरामद नहीं हो सका। शनिवार को ड्यूटी मैजिस्टेट तहसीलदार मदनलाल शर्मा,पटवारी बाबर व जीएस कर्णसिंह सहित गोताखोर एवं एसडीआरएफ मधुबन की टीम बोट के माध्यम से तलाशती रही। खुबड़ू हेड से नहर का पानी बंद कराया गया। इस दौरान लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चलता रहा। समाचार लिखे जाने तक महिला का शव बरामद नहीं हो सका था।







## संपादकीय

# यूपी में कांग्रेस-सपा गठबंधन के मायने



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

यूपी में कांग्रेस-सपा गठबंधन होने के बाद पहली बार दोनों नेता एक साथ, एक मंच पर दिखाई दिए और पत्रकारों के लाख कुरेदने के बावजूद भी संतुलित और सधे हुए अंदाज में जो बातें कहीं, उसके राजनीतिक मायने स्पष्ट हैं।

कांग्रेस-सपा की यह युगलबंदी लंबी चलेगी। क्योंकि पीएम पैदा करने वाले इस प्रदेश से यदि भाजपा और एनडीए गठबंधन को खदेड़ना है, तो पीएम के हवा-हवाई मुद्दों की बजाए राहुल गांधी-अखिलेश यादव के जमीनी मुद्दों यानी कांग्रेस की गारंटी (जिसमें इंडिया गठबंधन के मुद्दों को समाविष्ट किया गया है) की बात पर जोर देना होगा। कांग्रेस की गारंटी का मतलब समाज के समस्त दबे-कुचले लोगों के परवरिश और उत्थान की बात, जैसा कि उसमें समाविष्ट किया हुआ है। साफ शब्दों में कहें तो किसान-मजदूर-कारीगर, युवा, महिलाएं, कुटीर-लघु कारोबारी आदि के हित।

रामनवमी के दिन ही इंडिया गठबंधन के पहले संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन होने और इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा नेता अखिलेश यादव द्वारा देशवासियों और पत्रकारों को रामनवमी की बधाई देने का स्पष्ट मकसद है कि इंडिया गठबंधन सनातन मर्यादाओं की उपेक्षा अब नहीं करेगा। क्योंकि 2014 और 2019 का नजीर उसके सामने है। लिहाजा, 2024 में पुरानी गलतियों से सबक लेने की कोशिश की गई है। शुरुआत भी अच्छी है।

राहुल गांधी का यह कहना कि ये चुनाव विचारधारा का चुनाव है, काफी अहम है। उनके शब्दों में, एक तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन देश में लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रही है। इससे साफ है कि कांग्रेस अपने पुराने मुद्दे पर अडिग है और सावधानी पूर्वक नए मुद्दों से खुद को जोड़ रही है, जो अच्छी बात है।

बकौल राहुल गांधी, इस चुनाव में 2-3 बड़े मुद्दे हैं। वह है महंगाई, बेरोजगारी और भागीदारी। लेकिन इसके बारे में ना तो प्रधानमंत्री बात कर रहे हैं और ना ही बीजेपी बात कर रही है। यही वजह है कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर सीधे हमला बोलते हुए कहा कि हमारे प्रधानमंत्री कभी मुद्दों पर बात नहीं करते। मुद्दों पर बात करने की बजाय कभी वह समुद्र की गहराईयों में चले जाते हैं, तो कभी वह आसमान में सी प्लेन पर चले जाते हैं। संभवतया जनता भी इस बात को समझने लगी है, जिससे यूपी में राहुल-अखिलेश का ग्राफ ऊंचा उठने के संकेत मिलने लगे हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि पीएम ने एक साक्षात्कार में इलेक्टोरल बॉन्ड को सही बताया और चुनाव में पारदर्शिता लाने के लिए इसे जरूरी बताया। यदि यह सच है तो इस सिस्टम को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द क्यों किया? उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों ने भाजपा को चुनाव के नाम पर करोड़ों की रकम दी, भाजपा उनका नाम क्यों नहीं उजागर कर रही है। उन्होंने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए यहां तक कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड अपने आपमें दुनिया का सबसे बड़ा संगठित घोटाला है। इसमें सरकारी एजेंसी और बीजेपी नेतृत्व की दोनों भूमिका संदेहास्पद है। इस प्रकार इलेक्टोरल बांड सबसे बड़ा एक्सटॉर्शन है। पीएम मोदी भ्रष्टाचार के चैंपियन हैं। विपक्ष के नेता का ऐसा तेवर तभी दिखता है, जब सत्तारूढ़ सरकार का अवसान सुनिश्चित होने का फीडबैक कार्यकर्ता देते हैं।

राहुल गांधी से पहले संवाददाता सम्मेलन की शुरुआत करते हुए अखिलेश यादव का यह कहना कि मुझे खुशी है आज हम मिलकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं, बेहद अहम है। उन्होंने तो साफ कहा कि यूपी में गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक भाजपा का सफाया होने जा रहा है। भाजपा की हर बात झूठी निकली। न किसान की आय दोगुनी हुई, न युवाओं को रोजगार मिला, विकास के वादे भी अधूरे हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड ने इनकी पोल खोल दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गई है। लूट और झूठ भाजपा की पहचान बन गई है। इसलिए मोदी-योगी सरकार से मुक्ति के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। कार्यकर्ताओं को तालमेल बिठाकर चलना होगा।

# 50 लाख फिरौती मांगने के आरोपी ने किया कनीना कोर्ट में सरेंडर

### केस दर्ज होने के बाद पिछले तीन माह से था भूमिगत

### जिला एवं सत्र न्यायालय एवं पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट की ओर से अग्रिम जमानत अर्जी पर नहीं मिली राहत

### एसडीजेएम कोर्ट ने भेजा 4 दिन के पुलिस रिमांड पर



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** आरटीआई का दबाव बनाकर सेहलंग के शिक्षण संस्थान संचालक से 50 लाख रूपये की फिरौति मांगने के आरोपी आरटीआई एक्टिविस्ट प्रदीप कुमार वासी भडफ ने केस दर्ज होने के तीन माह बाद शनिवार को कनीना एसडीजेएम कोर्ट में सरेंडर कर दिया। जनवरी माह में कनीना सदर थाना पुलिस ने हरीश भारद्वाज की शिकायत पर उनके खिलाफ केस दर्ज किया था। उसके बाद से आरोपी ने जिला एवं सत्र न्यायधीश तथा पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत की दलील दी थी। जहां से राहत नहीं मिलने के बाद सरेंडर का रास्ता दिखाई दिया। कोर्ट ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को अपनी कस्टडी में लेकर कोर्ट में पेश कर 5 दिन का रिमांड मांगा, कोर्ट ने 4 दिन के रिमांड पर भेज दिया। मामले की जांच सीआईए नारनौल कर रही है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपी प्रदीप कुमार से पुलिस रिकॉर्डिंग डिवाईस, संगठन के दस्तावेज,आमदनी के सोर्स तथा उसके फरार पिता प्रेम कुमार की लोकेशन की जानकारी जुटायेगी।

इस बारे में पीडित हरीश भारद्वाज ने बताया कि आरटीआई के नाम पर प्रदीप कुमार व उसके पिता प्रेम कुमार वासी भडफ ने उनसे 50 लाख रूपये की मांग की थी। जिसकी रिकार्डिंग सहित शिकायत उन्होंने पुलिस को दी थी। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ जनवरी माह में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था।

सेहलंग स्थित बीआर शिक्षण संस्थान के संचालक हरीश भारद्वाज ने डीजीपी शत्रुजीत कपूर को भेजी शिकायत में कहा था कि उनके द्वारा सेहलंग में बीआर आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बीआर डिग्री कॉलेज तथा बीआर कॉलेज ऑफ एजूकेशन नाम शिक्षण संस्थान संचालित किए जा रहे हैं। जो सरकार तथा शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त हैं ओर उनके दिशा-निर्देशों का पालन कर रहे हैं। संचालन समिति की ओर से इनके संचालन में बडी राशि खर्च की गई है। इन शिक्षण संस्थानों में हजारों विद्यार्थी कुशल शिक्षकों के मार्गदर्शन में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उनकी ओर से नियमानुसार शिक्षण कार्य करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भडफ वासी आरोपी प्रदीप कुमार एक शरारती किस्म का व्यक्ति है जो आरटीआई अधिनियम के तहत आवेदन दायर कर संस्थानों को ब्लैकमेल करने की आदत रखता है। उसके द्वारा जनता जन सेवक नामक एनजीओ चलाया जा रहा है। जिसमें वह संस्थानों के खिलाफ आवेदन दायर कर आरटीआई एक्ट का भी दुरूपयोग कर ब्लैकमेल करता है।

प्रदीप ने शिक्षण संस्थान संचालक के खिलाफ आरटीआई एक्ट के तहत शिकायत दर्ज कराते हुए फिरोति के नाम पर 50 लाख रूपये देने की मांग की थी तथा राशि नहीं देने पर शिक्षण संस्थान बंद कराने की धमकी भी दी थी। स्कूल संचालक हरीश भारद्वाज के पास आरोपी प्रदीप कुमार व उसके पिता प्रेम निवासी भडफ की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। जिसे पुलिस को उपलब्ध कराई गई है।

इस बारे में सीआईए टीम इंचार्ज अमरदीप ने बताया कि फिरौति मांगने के आरोपी प्रदीप कुमार को अदालत में पेश कर 5 दिन का रिमांड मांगा गया था,न्यायालय ने 4 दिन का मंजूर किया। रिमांड के दौरान आरोपी से अहम दस्तावेज तथा प्रेम कुमार की लोकेशन ली जाएगी।

# भाजपा नेता चौधरी जाकिर हुसैन ने कार्यकर्ता बैठक में लोकसभा चुनाव की सौंपी जिम्मेदारियां

### पूर्व विधायक ज़ाकिर हुसैन ने सैंकडों कार्यकर्ताओं के साथ गुरूग्राम लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों की विस्तारपूर्वक चर्चा की

### तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 400 सीटें जीतकर बनेगी भाजपा सरकार : चौधरी ज़ाकिर हुसैन



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** शनिवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने अपने नूँह निवास पर कार्यकर्ताओं की बैठक ली जिसमें सैंकडों प्रमुख कार्यकर्ता पहुंचे। भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने कार्यकर्ताओं के साथ आगामी लोकसभा चुनावों लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा गुरूग्राम लोकसभा से भाजपा के लोकप्रिय प्रत्याशी व केन्द्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के लिए प्रचार-प्रसार में ओर तेजी लाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ समाजसेवी संजय गर्ग (बिट्टू), राजू पंडित छछेड़ा, सुन्दर पहलवान चेयरमैन, ओमप्रकाश पूर्व सरपंच किरा, अल्ली प्रधान अडबर, हाजी फतेला रिठोड़ा, अरशद पूर्व सरपंच बैंसी, कृष्ण प्रधान नूंह, समय चंद पार्षद, नसरू पूर्व सरपंच कोंतलाका, शौकत सरपंच सुल्तापुर, अली सूडाका, इमरान सरपंच फिरोजपुर नमक, हाजी शौकत हुसैनपुर, मुबीन रोजकामेव, डॉश अख़्तर रायपुरी, जमील मेवली, खल्ली सरपंच बीबीपुर, लियाकत बीबीपुर, युनुस ऊंटका, मजहर अली ऊंटका, मुंशी मेवली, हारून बाई, अजमत टांई, इकबाल टांई, सपात सादईं, ईसराइल प्रधान खेड़ला, तौफिक टपकन, शाहिद अलावलपुर आदि के अलावा सैंकडों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने सभी कार्यकरताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता पार्टी की मजबूती व चुनावों के प्रचार-प्रसार के लिए दिन रात मेहनत करें और गुरूग्राम लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने का काम करें। हम सभी मिलकर देश में एक बार फिर से 400 पार सीटें जिताकर नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का काम करेंगे। हुसैन ने कहा कि देश में चारों तरफ नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की लहर है। देश का आम जन भाजपा से खुश है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुका है। आज देश नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तेजी से विकास कर रहा है और वो दिन दूर नहीं जब भारत का नाम विश्व के विकसित देशों में गिना जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पिछले साढे 9 वर्षों में प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया है। आज प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उनके पदचिन्हों पर चलते हुए उनके द्वारा शुरू किए गए विकास कार्यों व योजनाओं को ओर तेजी से पूरा कर रहे हैं। ज़ाकिर हुसैन ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि दिन रात पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचाने में जुट जाएँ। लोगों को पार्टी की नीतियों व लाभकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराएँ। उन्हें पार्टी द्वारा या कार्यकर्ताओं द्वारा जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी वे 24 घंटे उसे पूरा करने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि इस बार नूँह जिले की तीनों विधानसभाओं से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह को भारी बहूमत से जिताकर भेजेंगे।

# पुन्हाना विधानसभा में मुख्यमंत्री की जनसभा बारे भाजपा नेताओं ने ली पदाधिकारी-बैठक व किया रैली स्थल का निरीक्षण



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** आगामी 27 अप्रैल को पुन्हाना में होने वाली माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पुन्हाना विधानसभा की विजय संकल्प रैली की तैयारियों को लेकर आज भाजपा के वरिष्ठ नेता भानीराम मंगला के कार्यालय पर जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल व पुन्हाना विधानसभा चुनाव प्रभारी चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक के नेतृत्व में विधानसभा के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई, जिसमें प्रमुख रूप से भानीराम मंगला, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष जान मौ. जिला प्रमुख, सलीम खान सरपंच, तौफीक जिला पार्षद, भाजपा नेता श्री यादराम गर्ग, जिला महामंत्री शिवकुमार आर्य बंटी आदि के अलावा काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

बैठक में निर्णय हुआ कि माननीय मुख्यमंत्री की 27 अप्रैल को विधानसभा की पुन्हाना की विजय संकल्प रैली पुन्हाना में आयोजित होगी। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों की आगामी लोकसभा चुनावों व रैली को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। बैठक के बाद रैली स्थल का भी मुआयना करने पहुंचे पूर्व विधायक चौधरी ज़ाकिर हुसैन, जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल व अन्य वरिष्ठ नेतागण।

# मतदाता वोट व मतदान केंद्र की जानकारी के लिए डायल करें 1950 : जिला निर्वाचन अधिकारी

### नया वोट बनवाने अथवा वोट ट्रांसफर करवाने के लिए करें 26 अप्रैल तक करें आवेदन



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने कहा है कि मतदाता अपने वोट एवं मतदान केंद्र के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए चुनाव आयोग की वेबसाइट एवं हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क कर सकते हैं। यदि कोई पात्र व्यक्ति अपना वोट बनवाना चाहता है या कोई मतदाता अपने वोट को दूसरी जगह ट्रांसफर करवना चाहता है तो वे 26 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि मतदान सभी मतदाताओं का अधिकार है। प्रत्येक मतदाता को इस अवसर का पूरा लाभ उठाना चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके प्रत्येक मतदाता स्वयं को गौरवांवित महसूस करें। लोकतंत्र में भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत होता है। चुनाव आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करवाया जा रहा है। आदर्श आचार संहिता चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने तक जारी रहेगी। यदि किसी नागरिक को कही पर भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नजर आता है तो वे इसकी शिकायत हेल्पलाइन नंबर 1950 तथा सी-विजिल ऐप पर कर सकते है। सी-विजिल ऐप पर प्राप्त शिकायत का मात्र 100 मिनट में निपटारा सुनिश्चित करना होता है।

# चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों की अवहेलना कर रहा है जिला प्रशासन

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जहां भारतीय चुनाव आयोग चुनाव में पारदर्शिता लाने के लिए नए-नए प्रयास कर रहा है वही फरीदाबाद का जिला प्रशासन चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों की अवहेलना करते हुए पशुपालन विभाग के वीएलडीए की चुनाव से छूट के बावजूद भी ड्यूटी लग रहा है जिस वजह से सभी कर्मचारी असमंजस में है जिला प्रशासन द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई से सभी कर्मचारियों में भारी आक्रोश है तथा पशुपालकों को भी अपने पशुओं के इलाज की चिंता है इस बारे में डिप्लोमा वेटरनरी एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने पशुपालन विभाग के जिला उपनिदेशक से इस बारे में बात की तो जिला उपनिदेशक ने उपायुक्त को पत्र लिखकर चुनावी ड्यूटी से छूट देने का अनुरोध किया है डिप्लोमा वेटरनरी एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त कार्यालय में सिटी मजिस्ट्रेट के सामने अपना पक्ष रखना चाहा लेकिन वह भी अपने ऑफिस में नहीं मिले डिप्लोमा वेटरनरी एसोसिएशन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष श्री आर एस देशवाल जिला प्रधान नरेंद्र सिंह जिला सचिव यशवंत पूनिया प्रेस के नाम जारी विज्ञप्ति में बताया की पशुपालन विभाग के सभी पशु चिकित्सक व पैरा वेटरनरी स्टाफ को भारतीय चुनाव आयोग ने अपनी हैंडबुक में चुनावी ड्यूटी से छूट प्रदान की है जिसकी वजह से पशुपालन विभाग के स्टाफ की किसी भी चुनाव में ड्यूटी नहीं लगती पिछले पंचायत चुनाव में भी उनको छूट दी गई थी लेकिन अब की बार जिला प्रशासन द्वारा पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सकों को तो छूट दे दी गई लेकिन वीएलडीए को छूट नहीं दी गई जबकि वीएलडीए कर्मचारी ही 60 से ज्यादा पशु डिस्पेंसरी में स्वतंत्र रूप से प्रभारी हैं तथा पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान इलाज टीकाकरण आदि अन्य कार्यों की जिम्मेदारी कर्मचारियों पर है फिर भी जिला प्रशासन द्वारा चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों को नजरअंदाज किया गया है इस बारे में सिटी मजिस्ट्रेट को भी ज्ञापन देने की कोशिश की गई लेकिन वह अपने कार्यालय में नहीं मिले डिप्लोमा वेटरनरी एसोसिएशन ने जिला प्रशासन से मांग की है की पशुपालन विभाग के वीएलडीए कर्मचारियों को भी चुनावी ड्यूटी से पशु चिकित्सक की तर्ज पर छूट दी जाए क्योंकि पहले भी किसी चुनाव में इन कर्मचारियों की ड्यूटी नहीं लगी है अगर इस चुनावी ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की पशु की हानि हुई तो उसके लिए जिला प्रशासन जिम्मेवार होगा










# राजनीतिक दल व उम्मीदवार डूज एंड डोंट्स का कड़ाई से करें अनुपालन : धीरेंद्र खड़गटा

**चुनाव के दौरान अन्य राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की आलोचना केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पिछले रिकॉर्ड व कार्यों तक सीमित हो**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा आम चुनाव में राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों के लिए चुनाव के दौरान क्या करें और क्या न करें यानी डूज एंड डोंट्स के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों का चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने तक अनुपालन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों द्वारा किसी अन्य दल या उम्मीदवार की आलोचना केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पिछले रिकॉर्ड और कार्यों तक ही सीमित रहनी चाहिए। इसके अलावा, शांतिपूर्ण और अविवेकपूर्ण घरेलू जीवन के लिए प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार की पूरी तरह से रक्षा की जानी चाहिए। स्थानीय पुलिस अधिकारियों को पूरी तरह से सूचित किया जाना चाहिए और प्रस्तावित बैठक के समय व स्थान की आवश्यक अनुमति समय रहते सही तरीके से ली जानी चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित बैठक के स्थान पर यदि कोई प्रतिबंधात्मक या निषेधात्मक आदेश लागू है तो उन आदेशों का सम्मान किया जाना चाहिए। इसी प्रकार, प्रस्तावित बैठकों के लिए लाउडस्पीकर या ऐसी किसी अन्य सुविधा के उपयोग के लिए अनुमति प्राप्त की जानी चाहिए और बैठकों में गड़बड़ी या अव्यवस्था पैदा करने वाले व्यक्तियों से निपटने में पुलिस सहायता प्राप्त की जानी चाहिए। किसी भी जुलूस को शुरू करने और समाप्त करने के समय व स्थान तथा मार्ग को अग्रिम रूप से फाइनल किया जाना चाहिए और पुलिस अधिकारियों से पूर्व अनुमति प्राप्त करनी चाहिए। जुलूस के कारण संबंधित मार्ग पर यातायात बाधित नहीं किया जाना चाहिए।

**शांतिपूर्ण व व्यवस्थित मतदान के लिए चुनाव अधिकारियों का करें सहयोग**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि शांतिपूर्ण और व्यवस्थित मतदान के लिए सभी चुनाव अधिकारियों को सहयोग करें। चुनाव में लगे सभी राजनीतिक कार्यकर्ताओं को बैज या पहचान-पत्र दिखाएं। मतदाताओं को जारी अनौपचारिक पहचान पर्ची सादे (सफेद) कागज पर होनी चाहिए और जिस पर पार्टी का कोई नाम और निशान या उम्मीदवार का नाम नहीं होना चाहिए। प्रचार अभियान की अवधि के दौरान और मतदान के दिन वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध का पूरी तरह से पालन किया जाना चाहिए। चुनाव के संचालन के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत या समस्या को निर्वाचन आयोग के पर्यवेक्षक, रिटर्निंग अधिकारी, जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट, मुख्य निर्वाचन अधिकारी या भारत निर्वाचन आयोग के संज्ञान में लाया जाना चाहिए। चुनाव से संबंधित सभी मामलों में निर्वाचन आयोग या रिटर्निंग ऑफिसर या जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश या दिशा-निर्देशों की कड़ाई से अनुपालना की जाए।

**चुनाव की पवित्रता व पारदर्शिता के लिए राजनीतिक दल व उम्मीदवार नकद लेन-देन से बचें**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा वित्तीय या अन्य किसी प्रकार का कोई प्रलोभन मतदाता को नहीं दिया जाना चाहिए। मतदाताओं की जाति या सांप्रदायिक भावनाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जानी चाहिए और न ही कोई ऐसी गतिविधि जो मौजूदा मतभेदों को बढ़ा सकती है या विभिन्न जातियों, समुदायों, धार्मिक और भाषायी समूहों के बीच आपसी द्वेष पैदा करती हो या तनाव पैदा करती हो, ऐसी कोई गतिविधि नहीं की जानी चाहिए।

चुनाव की पवित्रता व पारदर्शिता बनाए रखने के लिए राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नकद लेन-देन से बचें और अपने उम्मीदवारों, एजेंट, कर्मियों और पदाधिकारियों को निर्देश दें कि चुनाव के दौरान वे बड़ी मात्रा में नगद राशि अपने साथ न रखें। इसके अलावा, अन्य राजनीतिक दलों या उम्मीदवारों द्वारा आयोजित सार्वजनिक बैठकों या जुलूसों में बाधा नहीं डालनी चाहिए। अन्य राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा लगाए गए पोस्टरों को हटाना या विकृत नहीं किया जाना चाहिए। वाहनों पर रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक लाउडस्पीकरों का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

# हत्या मामले में पांच हजार के इनामी को पुलिस ने दबोचा, पूछताछ में जुर्म किया स्वीकार



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिले के बिछौर थाना अंतर्गत गांव नीमका निवासी व हत्या के मामले में करीब पांच साल से गिरफ्तारी से बच रहे एक पांच हजार रुपए के इनामी आरोपी को नूंह अपराध जांच शाखा टीम ने काबू किया है जिसकी पहचान सिराजुद्दीन उर्फ सिराजू पुत्र हबीब निवासी नीमका के रूप में हुई है,पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार लिया है। उक्त हत्या के मामले में अभी और आरोपियों की गिरफ्तारी भी होनी है। नूंह पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि वर्ष 2019 नवंबर में भूमि बंटवारे के विवाद को लेकर बिछोर थाना के गांव नीमका में दो पक्षों में झगड़ा हुआ था। इस दौरान में नीमका निवासी अब्दुल्ला गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पुन्हाना सीएचसी में पहुँचाया,फिर नूंह नलहड़ मेडिकल कालेज में ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों ने अब्दुल्ला की गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया।दिल्ली अस्पताल में अब्दुल्ला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।पुलिस ने मृतक के बेटे के बयान पर आठ नामजद समेत एक अन्य के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। मामले से सम्बंधित पूर्व में कुछ गिरफ्तारियां की गई लेकिन आरोपी सिराजुद्दीन अब तक अपनी गिरफ्तारी से बचता रहा था।जिसे बीते शुक्रवार को पुलिस ने एक ठिकाने से दबोच लिया। पूछताछ मे सिराजुद्दीन ने बताया कि हादसे के बाद वह अपने परिवार के साथ राजस्थान में छुप गया। उन्होंने जुर्म में स्वीकार किया कि मृतक पर उन्होंने भी लाठी आदि से हमला किया था। गिरफ्तार आरोपी से एक कुल्हाड़ी भी बरामद हुई है आरोपी को नियम अनुसार अदालत में पेश कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# अहिंसा सबसे उच्चतम नैतिक गुण : भगवान महावीर

**भगवान महावीर ने कहा: व्यक्ति जन्म से नहीं कर्म से श्रेष्ठ है**

**तीर्थंकर महावीर ने दिया: सृष्टि को जियो और जीने दो का अमर संदेश**

**तीर्थंकर महावीर ने फैलाया: सृष्टि में ज्ञान का प्रकाश**

**भगवान महावीर ने दिया: जनजन को अहिंसा का जन संदेश**

**भगवान महावीर अहिंसा के पथ दर्शक**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** अहिंसा के पथदर्शक जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2623 वां जन्म कल्याणक मना रहे है उक्त जानकारी देते हुए सर्वजातीय सेवा समिति के उपाध्यक्ष व समाजसेवी रजत जैन ने बताया की भगवान महावीर स्वामी ने प्राणीमात्र के कल्याण के लिए जियो और जीने दो का अमर संदेश जनजन को दिया ओर अहिंसा के पथ पर चलने का मार्ग प्रशस्त किया। भगवान महावीर ने अहिंसा को सबसे उत्तम नैतिक गुण बताया है। रजत जैन ने बताया की भगवान महावीर स्वामी का जन्म 2622 वर्ष पूर्व कुंडलपुर में हुआ। पूर्व में सारी सृष्टि में जब हाहाकार मचा हुआ था। जनमानस अपने आचरण (आचार विचार) से दिग्भ्रमित होकर अधार्मिक कार्यों में अधिक संग्लन होने लगी तो ईसा से 599 वर्ष पूर्व चैत्र माह के शुक्ल पक्ष में त्रयोदशी को कुण्डलपुर के राजा सिद्धार्थ व रानी त्रिशला के घर वर्धमान नामक बालक का जन्म हुआ। रजत ने कहा जब सृष्टि चहुँओर घोर अंधकार व निराशा के गहरे सागर में डूबी हुई थी तो इस वर्धमान ने जनमानस में नवऊर्जा, चेतना, उमंग, उत्साह, उल्हास का संचार किया। जैन धर्म के मूल सिद्धांत अहिंसा परमो धर्म: के पथ (मार्ग) पर चलकर, समस्त प्राणिमात्र के आत्मकल्याण के लिए, अहिंसा का मार्ग प्रशस्त कर, जनकल्याण की भावना जनजन के मन मे जागृत कर जनता को घोर निराशा व अंधकार के गहरे सागर से बाहर निकालकर ज्ञान के सागर में ज्ञान का प्रकाश चहुँओर फैलाया। 30 वर्ष की आयु में धन, वैभव, मोह, माया, लोभ, लालच इत्यादि छोड़कर तपस्वी जीवन धारण कर वैराग्य ले लिया। उन्होंने कहा की व्यक्ति जन्म से नहीं कर्म से श्रेष्ठ है, वे छुआछूत, ऊँचनीच के विरोधी थे। बाद में यही बालक वर्धमान, तीर्थंकर भगवान महावीर कहलाया ओर जैन धर्म के अंतिम 24वें तीर्थंकर बने इसलिए प्रत्येक प्राणिमात्र को एक दूसरे के प्रति वैरभाव त्याग कर, प्राणिमात्र को आपस में सद्भावना व मैत्रीभाव से रहना चाहिए। अहिंसा के पथ पर चलकर, जीओ और जीने दोके सिद्धांत का अंगीकार कर अपना व समस्त जगत के प्राणिमात्र का आत्मकल्याण करना चाहिए।

# नारकोटिक्स टीम ने बेरली में युवाओं को नशा न करने की दिलाई सौगंध



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह के दिशानिर्देशों, पुलिस उप महानिरीक्षक सिमरदीप सिंह के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक नितिका गहलोत, पुलिस अधीक्षक सुश्री पंखुड़ी कुमार व श्री सुरेंद्र सिंह उप पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए प्रतिदिन नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ब्यूरो द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के विशेष रूप से जागरूकता कार्यक्रम की इस कड़ी में हरियाणा फायर सेफ्टी कॉलेज बेरली में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज के चेयरमैन रामबीर यादव, प्रिंसिपल प्रदीप कुमार व कॉलेज का स्टाफ मदन कुमार, अनूप सिंह ,आकाश यादव , सुमित कुमारी की उपसर्थिति में यह कार्यक्रम हुआ। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम में रेवाड़ी एच एस एन सी बी यूनिट इंचार्ज इंस्पेक्टर अनिल कुमार , हैड कांस्टेबल सुरेश, कॉन्स्टेबल दीपक इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने विद्यार्थियों व स्टाफ को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस अधिनियम के अंतर्गत अफीम, भांग, गांजा, चरस, हेरोइन, स्मैक, चिट्टा, एलएसडी, नशीली गोलियां, नशीले टीके आदि पर सम्पूर्ण भारत में प्रतिबन्ध लगाया गया है। कोई भी व्यक्ति एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत इन मादक पदार्थों एवं नशीली औषधियों का न तो सेवन कर सकता है, न अपने पास रख सकता है, न क्रय विक्रय कर सकता है व न ही ऐसे किसी कार्य में सहयोग कर सकता है। हरियाणा में 25 अगस्त 2020 को हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का गठन किया गया जिसका उदेश्य एकमात्र हरियाणा को नशा मुक्त करना है। इस कड़ी में हरियाणा पुलिस और ब्यूरो द्वारा।

अधिक से अधिक संख्या में नशा तस्करी पर रोक लगाने का काम किया लेकिन सब कुछ होने पर भी जागरूकता के बिना हम हरियाणा को पूर्ण रूप से नशा मुक्त नहीं कर पाएंगे। इसीलिए हरियाणा में ब्यूरो द्वारा प्रतिदिन नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार करके युवाओं को नशे से दूर रहने को प्रेरित किया जा रहा है। इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने आगे कहा कि प्रतिबंधित नशे के साथ साथ बीड़ी सिगरेट तम्बाकू और मदिरा स्वास्थ्य के लिए बहुत अधिक घातक है। उन्होंने युवाओं को बताया कि इससे कैंसर जैसे भयंकर रोग मनुष्य के जीवन का हर रहे है। प्रत्येक 4 सेकंड में एक व्यक्ति धूम्रपान और तम्बाकू के कारण मरता है। कार्यक्रम के अंत में इंस्पेक्टर अनिल ने कम्पनी के सभी कर्मचारियों और स्टाफ से नशा ना करने की शपथ ग्रहण करवाई।

# साढ़े 14 लाख से रेवाड़ी के पार्क में ओपन जिम व झूले होंगे ठीक

## कोर्ट में याचिका दायर के बाद जागी नगर परिषद



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सीएलजी समिति के चेयरमैन सुनील भार्गव ने एक शिकायत पब्लिक यूटिलिटी कोर्ट रेवाड़ी में पार्कों के झूले व पार्कों में लगे ओपन जिम की मरम्मत के लिए दायर की थी, जिसमें चेयरमैन पब्लिक यूटिलिटी कोर्ट ने नगर परिषद रेवाड़ी को पार्कों के झूले व ओपन जिम जिनकी हालत खस्ता हो गई है उनको ठीक करवाने के आदेश पारित किए थे। नगर परिषद रेवाड़ी ने समय रहते कार्य पूरा नहीं करवाया था इस पर सुनील भार्गव एडवोकेट ने एक इजरा सिविल जज सीनियर डिवीजन की कोर्ट में दायर की थी, जिसमें आज की तारीख पेशी मुकर्रर थी। नगर परिषद रेवाड़ी को कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा था कि आपने अभी तक क्या कार्रवाई की जिस पर नगर परिषद ने एक वर्क आर्डर दिया। जिसमें नगर परिषद रेवाड़ी ने यह बताया कि पवन कुमार गांव डाबला जिला झज्जर को रेवाड़ी शहर में जो ओपन जिम लगे हुए हैं उनकी मरम्मत के लिए ठेका 14 लाख 52 हजार 19 रुपए में दिया है तथा सभी पार्कों की ओपन जीमो की मरम्मत करा कर 13/7/ 2024 तक ठीक करने का करार किया है। सुनील भार्गव एडवोकेट ने नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा जिम का ठेका देने पर आभार व्यक्त किया है। सुनील भार्गव ने बताया कि इस पार्कों में जो ओपन जिम टूटा वह खराब हो गए हैं लोगों को ठीक होने के बाद अपने शरीर को चुस्त व दुरुस्त करने का मौका मिलेगा।

# कॉलेज में पहला दीक्षांत समारोह तथा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** सेक्टर 2 स्थित श्रीमति सुषमा स्वराज गवर्नमेंट वुमेन कॉलेज में शनिवार को पहला दीक्षांत समारोह तथा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर गुडगांव यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार रहे। वहीं वशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ सुनिधि दहिया मौजूद रही। प्रिंसिपल रितिका गुप्ता ने बताया कि इस समारोह में 185 विद्यार्थियों को कला, वाणिज्य एवं विज्ञान में डिग्री प्रदान की गई। जिसमें कलां एवं संकाय में 96, वाणिज्य संकाय में 55 और विज्ञान संकाय में 24 छात्राओं को डिग्रियां वितरित की गई। वार्षिक विशेष पुरस्कार में रोल ऑफ ऑनर एमएससी कंप्यूटर साइंस की सुनीता गोस्वामी को दिया गया । वहीं कॉलेज कलर 6 छात्राओं को दिया गया। इसके अलावा शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल कूद, राष्ट्रीय सेवा योजना व अन्य गतिविधियों में जिला स्तर पर पुरस्कृत होने वाले छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ सपना नागपाल, डॉ सपना सचदेवा, डॉ ऊषा दहिया, डॉ चंद्रशेखर, डॉ पवन कुमार व डॉ धर्मवीर आदि मौजूद रहे।







# लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर रहा सरकार का फोकस : कृष्णपाल गुर्जर

## भाजपा प्रत्याशी का भारत कालोनी में हुआ भव्य स्वागत



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि मोदी सरकार के दस वर्षो में देश में नित-नया विकास हुआ है, जहां फरीदाबाद सहित देश में सड़कों का जाल बिछाया गया वहीं लोगों को बिजली, पानी, सीवरेज व सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य हुए है। उन्होंने कहा कि कालोनियां में भी विकास का पहिया तेजी से घूमा है, लोगों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए सरकार ने निरंतर प्रयास किए है। श्री गुर्जर ओल्ड फरीदाबाद की भारत कालोनी में राजेंद्र खारी चेयरमैन द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक राजेंद्र खारी चेयरमैन के नेतृत्व में गणमान्य लोगों ने बड़ी माला पहनाकर भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर का स्वागत किया वहीं समारोह में उपस्थित जनसमूह ने दोनों हाथ उठाकर श्री गुर्जर को भारी मतों से विजयी बनाकर संसद भेजने का भरोसा दिलाया। भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनवाते हुए श्री गुर्जर ने कहा कि दिल्ली फरीदाबाद वडोदरा मुंबई एक्सप्रेस वे का निर्माण करवाया। जेवर एयरपोर्ट तक जाने के लिए 1600 करोड़ की लागत से जेवर एक्सप्रेसवे बनाया जायेगा, उसकी पूरी प्लानिंग हो चुकी है। फरीदाबाद, नोएड़ा, गाजियाबाद हाईवे का काम चल रहा है। इसके बनने के बाद नोएड़ा 8 मिनट और गाजियाबाद 25 मिनट में पहुंच सकेंगे। उन्होंने कहा कि 262 करोड़ की लागत से फरीदाबाद रेलवे स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर बनाया जा रहा है। श्री गुर्जर ने कहा कि 24 घंटे बिजली देने का काम भाजपा की डबल इंजन सरकार ने किया। गरीब की चिंता करने की बात हो, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदैव अग्रणी रहते हैं। गरीब के लिए 4 करोड़ पक्के आवास, 11 करोड़ शौचालय, 11 करोड़ से ज्यादा उज्ज्वला योजना के माध्यम से बहनों को गैस सिलिंडर, आयुष्मान योजना से 5 लाख का निशुल्क मेडिकल बीमा, 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को अनाज जैसे अनेक कल्याणकारी प्रयास, मोदी जी हर क्षेत्र में देश के गरीब नागरिकों को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। श्री गुर्जर ने कहा कि वह छह विधानसभाओं में रैली कर चुके हैं और रैलियों में जिस प्रकार से लोगों का जनसमूह उमड़ रहा है, उससे स्पष्ट हो गया है कि एनडीए के 400 पार का नारा पूरी तरह से सार्थक साबित होगा। उन्होंने फरीदाबाद की जनता से अपील करते हुए कहा कि 25 मई को हर एक वोट कमल पर डालकर मोदी को मजबूत करने का कार्य करना है, जिससे कि तीसरी बार देश में मोदी जी प्रधानमंत्री बन सके और विकास का यह सिलसिला आगे भी जारी रह सके। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष जैजू ठाकुर, जिला पार्षद अनिल पाराशर एडवोकेट, पूर्व पार्षद सुमेश चंदीला, अरुण खारी, मास्टर ज्ञान, विरेंद्र एडवोकेट, विकास ठाकुर, ओमप्रकाश चौहान, पप्पी मास्टर, लेखराज वर्मा, विरेंद्र चौधरी, रिषी नागर, प्रदीप मास्टर, विनोद अंबावता, चौ. लखमी सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# डीपीएस ग्रेफा में विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद द्वारा बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रो-वीसी रोहित जैनेंद्र जैन,विशेष आमंत्रित सदस्य पूर्व संस्थापक प्रिंसिपल सुरजीत खन्ना, प्रधानाचार्या डॉ बिंदु शर्मा, मुख्याध्यापिका संजना महाजन और सुप्रिया बख्शी, वरिष्ठ समन्वयक नेहा पांडे, परीक्षा नियंत्रक, चंचल चंदना द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस मौके पर 12वीं कक्षा के विद्यार्थी अर्नव जैन हेड ब्वाय, पर्णिका पांडे हैड गर्ल ने स्कूल से संबंधित अपने अनुभव सांझा किए। इस मौके पर कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने भगवान शिव का आह्वान करते हुए मनमोहन प्रस्तुति दी।

इसके अलावा स्कूल बैंड के फुट टैपिंग संगीत के साथ 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने रैंप वॉक की। इस अवसर पर प्राचार्या डा. बिंदु शर्मा ने मिस्टर डीपीएस और मिस डीपीएस की घोषणा की। इस अवसर पर रोहित जैनेंद्र जैन ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं विशेष आमंत्रित सदस्य, पूर्व संस्थापक प्रिंसिपल, श्रीमती सुरजीत खन्ना ने इस अवसर पर छात्रों को आशीर्वाद दिया, और उन्हें अनुशासन, प्रतिबद्धता, करुणा और अखंडता के मूल्यों को जीवित रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्या डा. बिंदु शर्मा ने 12वीं कक्षा को शपथ दिलवाई।

# मोदी जी को गरीब की चिंता, कर रहे हैं गरीब को मजबूत : कृष्णपाल गुर्जर

## भाजपा प्रत्याशी की उपस्थिति में जजपा नेता कुलदीप तेवतिया ने थामा भाजपा का दामन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के सेक्टर-8 हुडा मार्किट में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी भारतीय सांस्कृतिक विरासत को फिर से विश्व स्तर पर स्थापित करने और भारत की अर्थव्यवस्था को चोटी पर पंहुचाने के कार्य में जुटे हैं। देश के विकास के साथ मोदी जी को गरीब की चिंता है, इसलिए मोदी जी लगातार महिला, युवा, किसान और गरीब इन सभी वर्गों को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। देश की जनता को पूर्ण विश्वास है कि मोदी जी ही तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने जजपा नेता पूर्व पार्षद कुलदीप तेवतिया को भाजपा का पटका पहनाकर भाजपा में शामिल किया। इस अवसर पर युवा मोर्चा जिला महामंत्री प्रवीण चंदीला, पार्षद कुलबीर तेवतिया, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, अश्वनी गुलाटी, भाजपा कार्यकर्त्ता और इलाके के सम्मानित जन उपस्थित रहे। मास्टर किशन तेवतिया, मास्टर बीरसिंह तेवतिया, मास्टर भीमसिंह तेवतिया, मास्टर गजपाल तेवतिया, राजबीर तेवतिया, बनवारी लाल, चंद्रपाल, वीरेंद्र पंडित, ज्ञानलाल गुप्ता, कुलबीर फौजदार, मुकेश मलिक इन्द्रजीत मलिक, नवाब मलिक, ज्ञान मलिक, शिवराम मलिक, गिरिराज, सुरेन्द्र, करण दलाल, राजेश बेनीवाल, अनिल, अमरजीत मलिक, मोती लाल, अरुण चौहान, हरिचंद दलाल, अमरचंद चौधरी, दयानंद चौधरी, उदयवीर चौधरी, रणसिंह, राजसिंह, रमेश, मोती लाल, कर्मबीर, महेंद्र दलाल, जसराम दलाल, भगत सिंह, साहब सिंह, साधू संतु, परसी दलाल, प्रधान दत्ता, कृपा राम शर्मा, ज्ञान कपडे वाले, दरयाब तेवतिया, बिल्लू यादव, पंडित देशराज, महेश, जगपाल मलिक, सुखविंदर, शिव सिंह तेवतिया, जगबीर तेवतिया, राजाराम गुप्ता, प्रताप नम्बरदार आदि 100 के करीब सम्मानित लोगों और कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर कुलदीप तेवतिया के साथ भाजपा का पटका पहनकर भाजपा की सदस्यता ली। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि विरोधियों के पास कोई चेहरा नहीं है, जबकि मोदी जी पर जनता का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। देश के 140 करोड़ लोगों का मोदी जी की गारंटी पर पूरा विश्वास है। गरीब का कोई भला कर सकता है तो वो मोदी जी है। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश की जनता के आशार्वाद से 400 सीटों पर कमल खिलाकर तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। भाजपा की सदस्यता लेने के बाद कुलदीप तेवतिया ने कहा कि वो हमेशा से भाजपा के अपने परिवार में रहे हैं। कुछ समय के लिए पड़ोस में चले गए थे, लेकिन मन नहीं लगा और आज घर वापसी कर भाजपा को ज्वाइन कर लिया।

# पुलिस ने आईटीबीपी जवानों के साथ निकाला फ्लैग मार्च



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** लोकसभा चुनाव संबंधी दिए गए दिशा निर्देश के तहत चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह के नेतृत्व में शनिवार को एनआईटी जोन में स्थानीय पुलिस बल एवं आईटीबीपी इंस्पेक्टर श्रीकांत की टीम के साथ फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था काम रखना के लिए जागरूक किया।

यह फ्लैग मार्च में डीसीपी एनआईटी कार्यालय से चलकर बीके गोल चक्कर, हार्डवेयर चौक, प्याली, डबुआ, 60 फीट रोड, चाचा चौक, बाबा मंडी, सरूरपुर चौक, संजय कॉलोनी, मछली मार्केट, गौछी, सेक्टर 56, राजीव कॉलोनी, सेक्टर 55, सोहना रोड, मुजेसर फाटक, बाटा फ्लाईओवर, थाना कोतवाली के सामने से होते हुए नीलम चौक, सलूजा पेट्रोल पंप, पांच नंबर मार्केट से डीसीपी एनआईटी कार्यालय पर समाप्त हुआ। इस फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन को भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना था। दरअसल, फ्लैग मार्च शहर के प्रमुख मार्गों व गांव से होकर गुजरा, जिसमें पुलिस के जवान, अर्धसैनिक बल के अधिकारी शामिल थे।

फरीदाबाद पुलिस लोकसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सजग है और सुरक्षा व्यवस्था के पूरे इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से पूरा करवाया जा सके। फ्लैग मार्च के दौरान उन्होंने आमजन को मतदान में बढ़-चढक़र भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और चुनाव के दौरान किसी के दबाव में न आकर मतदान करने के लिए कहा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव में भाग लें।

# अभिभावक-शिक्षक संघ की हुई बैठक



**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** शनिवार को अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। आज की बैठक प्रधान देवेन्द्र गुप्ता और सचिव दिनेश गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित की गई बैठक का उद्देश्य अभिभावकों को अपने बच्चों के प्रदर्शन से अवगत कराना है। अभिभावकों को विद्यार्थियों की समस्याओं से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों की उपस्थिति, कक्षा प्रदर्शन, कुल मिलाकर व्यवहार के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों के गृह परीक्षा के अंक भी अभिभावकों से सांझा किए गए। उन्हें कॉलेज की सभी गतिविधियों एवं विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में बताया गया। इस बैठक के आयोजन का उद्देश्य अभिभावक-शिक्षक बंधन को मजबूत करना है। कई अभिभावकों ने अपनी चिंताओं पर चर्चा की, शिक्षकों ने धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें हल करने का प्रयास किया। अभिभावकों से महाविद्यालय फीडबैक फॉर्मा भी भरवाया गया।

शिक्षक अभिभावक बैठक के साथ-साथ एक विशेष कार्यक्रम मार्गदर्शन रखा गया। कार्यक्रम को दो सत्र में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में अग्रवाल पर्बलिक स्कूल बल्लभगढ़, द्वितीय सत्र में अग्रवाल स्कूल सेक्टर-3 व अग्रवाल स्कूल, मच्छगर से 12वीं कक्षा करने वाले विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रधान देवेंद्र कुमार गुप्ता और सचिव दिनेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के स्वागत भाषण से कार्यक्रम का आरंभ हुआ। उन्होंने अपने वक्तव्य में उपस्थित सभी अभिभावकों को विभिन्न सुविधाओं, सर्टिफिकेट कोर्स, छात्रवृत्ति, प्रोत्साहन, डिजिटल कक्षाएं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह सही समय है जब छात्र को अपने अंदर झांकने और अपनी कमियों पर काम करने की जरूरत है। डोली मंगल, सोनिया व शालू ने अपनी डिजिटल प्रस्तुति द्वारा विद्यार्थियों को महाविद्यालय सभी पाठ्यक्रम सर्टिफिकेट कोर्स, करियर काउंसलिंग, पाठ्यक्रम के उपरांत विभिन्न नौकरी के अवसरों से सूचित कराया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षक बिंदु संयोजिका डॉ. शिल्पा गोयल द्वारा 'सीप' (ष्टश्वश्वक्क) के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि इसके तरह डिजिटल मार्केटिंग, वेब डिजाइनिंग और स्पोकन इंगलिश जैसे अनेक कोर्स नियमित पाठ्यक्रम के साथ-साथ बिना किसी अलग खर्च के कराए जाते हैं। सभी विद्यार्थियों को महाविद्यालय की सांस्कृतिक गतिविधियों से सूचित करने के साथ-साथ महाविद्यालय परिसर में भ्रमण कराया तथा सभी विषय के मुख्य प्रवक्ताओं से बातचीत कराकर विद्यार्थियों की जिज्ञासा को शांत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. सीमा मालिक, डा. शिल्पा गोयल, स्वाति तथा एनएसएस स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं का भरपूर सहयोग रहा।

# दुकान में शराब पीने से मना करने पर की युवक की हत्या




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जवाहर कॉलोनी खंड बी में दुकान में शराब पीने से मना करने पर आरोपितों ने हमला कर दिया। हमले में दुकानदार, उसका भाई और दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। दुकानदार के भाई ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी की तलाश जारी है। थाना सारन में जवाहर कॉलोनी खंड बी में रहने वाले नीरज ने दी शिकायत में बताया कि घर से कुछ दूरी पर जनसेवा अस्पताल के पास खाने-पीने के सामान की दुकान खोल रखी है।19 अप्रैल की रात को वह अपनी दुकान पर था। उस समय उसका दोस्त हरकेश व बड़ा भाई सत्यप्रकाश भी आया हुआ था। करीब 11.30 बजे सारन निवासी गौरव अपने दो साथियों के साथ कार में बैठकर दुकान पर आए। उन्होंने शराब पी हुई थी। इनके साथ करीब डेढ़ महीने पहले भी उसकी कहासुनी हो चुकी थी। युवक ने उनकी दुकान से चिप्स व अन्य सामान लिया और वहीं पर शराब पीने लगे। नीरज ने इसका विरोध किया और कहा कि यहां शराब मत पीना। इसी बात को लेकर आरोपित गाली देने लगे। उसने गाली देने का विरोध किया। तभी गौरव ने कुछ और अपने साथी फोन करके बुला लिए। आरोपितों के हाथ में डंडे व राड थी। उन्होंने उस पर, भाई सत्यप्रकाश व दोस्त हरकेश पर हमला कर दिया। भाई सत्यप्रकाश के सिर पर काफी चोट लगी। मौके पर अन्य लोगों के आने से आरोपित भाग गए। लोगों ने उन तीनों को बादशाह खान नागरिक अस्पताल में लाए। यहां उनके भाई सत्यप्रकाश को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। नीरज ने बताया कि गौरव, कालू, कमल,चीकू व अन्य ने यह हमला किया था। हमले में उसे और उसके दोस्त को भी काफी चोटें लगी हैं। गौरव पुलिस की पकड़ में है। नीरज ने बताया कि वह मूलरूप से अलीगढ़, हाथरस के जमालपुर के रहने वाले हैं। करीब 40 साल से यहां रह रहे हैं। भाई सत्यप्रकाश एक फैक्ट्री मालिक की कार पर चालक थे। इनके एक 13 साल की बेटी दीपिका और 11 साल का बेटा वंश है। जवाहर कॉलोनी में जहां हादसा हुआ, उसके सामने शराब का ठेका है। अक्सर शराब पीने वाले युवक ठेके से शराब लेते हैं और आसपास पीने लगते हैं। यहां रहने वाले महेश शर्मा, सुरेश, कुलदीप, प्रेमपाल ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि पुलिस की गश्त नहीं रहती। शराबी खूब हंगामा करते हैं। बहन-बेटियों पर फबतियां कसते हैं। लोग शाम को सैर करने भी नहीं निकल सकते। जगह-जगह टोली बनाकर शराब पीते रहते हैं। उन्होंने बादशाह खान अस्पताल की मोरचरी में आए डीसीपी एनआइटी कुलदीप सिंह से आग्रह किया कि ऐसे शराबियों की धरपकड़ की जाए। साथ ही आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। डीसीपी ने आश्वस्त किया कि पुलिस सादी वर्दी में जाएगी और शराबियों को पकड़ेगी। इस मामले में संलिप्त सभी आरोपित जल्द गिरफ्तार हो जाएंगे।

# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस 2024 का आयोजन किया गया



**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की यूथ रेड क्रॉस तथा सेंट जॉन एंबुलेंस इकाई के तत्वाधान में आज दिनांक 20 अप्रैल 2024 को 'नेशनल सिविल सर्विसेज डे' का आयोजन किया गया। पूरे भारतवर्ष में हर साल 21 अप्रैल को नेशनल सिविल सर्विसेज डे के तौर पर मनाया जाता है। लोक सेवकों की अथक मेहनत को पहचान दिलाने के क्रम में यह दिन मनाया जाता है। इस दिन हर साल उत्कृष्ट योगदान देने वाले सिविल सर्वेंट को सम्मानित किया जाता है। महाविद्यालय के प्रधान देवेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन तथा कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के दिशा निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में एक स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सिविल सर्विसेज डे सर्वप्रथम सरदार वल्लभभाई पटेल के दिशा निर्देशन में मनाया गया था। इसी के मद्देनजर इस बार स्लोगन की थीम सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन तथा विचारधारा से संबंधित रखी गई। सर्वप्रथम कार्यक्रम संयोजक डॉ. देवेंद्र ने विद्यार्थियों को इस दिन के महत्व के विषय में बताया। उसके बाद यूथ रेड क्रॉस के कोऑर्डिनेटर सुभाष ने स्लोगन राइटिंग कंपटीशन का आयोजन किया। इस आयोजन में कुल 47 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा एक से बढ़कर एक उत्कृष्ट स्तर के स्लोगन प्रस्तुत किए। सफलतापूर्वक आयोजित इस कार्यक्रम कुमारमें सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड तथा यूथ रेड क्रॉस के वॉलिंटियर्स की अग्रणी भागीदारी रही।

# केजरीवाल एक तरफ आम और मिठाई खा रहे है तो दूसरी तरफ त्राही माम कर रहे है कि जेल प्रशासन उनका नुकसान कर रहा है : अनिल विज

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के जेल मे मिठाई व आम खाने से उनका शुगर लेवल बढ़ने पर कहा कि ईडी ने कोर्ट में बिल्कुल ठीक कहा है, एक तरफ केजरीवाल आम और मिठाई खा रहे है दूसरी तरफ त्राही माम कर रहे है कि जेल प्रशासन उनका नुकसान कर रहा है, विज ने कहा कि शुगर पेशेंट कौन आम खाता है। वही पंजाब के मुख्यमंत्री भगवन्त मान के बयान कि केजरीवाल से डर कर भाजपा ने जेल भेजा पर अनिल विज ने कहा कि इसका फैसला अदालत करेंगी, इसमें न मान को कुछ कहने का हक है और न हमें ईडी ने तो पकड़कर अपना काम कर दिया।

**70 साल तक कांग्रेस का राज रहा तो कौन सा असंवैधानिक काम है जो इन्होंने नहीं किया, संविधान को रोदकर इमरजेंसी लगाई थी : अनिल विज**

राहुल गांधी के ब्यान कि चुनाव लोकतंत्र को समाप्त करने व संविधान को बचाने के लिए है पर अनिल विज ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा कि कुछ चीजों का पता चल जाता है। विज ने कहा कि 70 साल कांग्रेस का राज रहा तो कौन सा असवैधानिक काम है जो नहीं किया, संविधान को

## 70 साल तक कांग्रेस का राज रहा तो कौन असंवैधानिक काम है जो इन्होंने नहीं किया, संविधान को रोदकर इमरजेंसी लगाई थी : अनिल विज



रोदकर इमरजेंसी लगाई थी लाखों लोगो को झूठे केस बनाकर जेलों मे डाला जिनकी कई सालो तक जमानत नहीं हुई चुनी हुई सरकारों को धारा 356 लगाकर तुमने तोड़ा, तो तुम ये बात दुसरो को कह रहे हो। विज ने कहा कि तुम्हारे माथे पर लिखा है संविधान विरोधी, संविधान तोड़ने वाला राहुल गांधी, संविधान तोड़ने वाली प्रियंका व सोनिया गांधी व उनके साथी इनके चेहरे पर लिखा हुआ है ये कैसे मिटा सकते है।

**जब किसी को हार नज़र आने लगती है तो उसकी सिट्टी पिट्टी गुम हो जाती है फिर वो आरोप लगाने शुरू कर देता है : अनिल विज**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान कि चुनाव आयोग भाजपा के लिए काम कर रहा है पर पलटवार करते हुए अनिल विज ने कहा कि जब किसी को हार नज़र आने लगती है तो उसकी सिट्टी पिट्टी गुम हो जाती है फिर वो आरोप लगाने शुरू कर देता है कभी ईवीएम पर तो कभी चुनाव आयोग पर। विज ने कहा कि उनका तुजुर्बा है कि जो रोता है समझ लो वो चुनाव हार गया। वही पश्चिम बंगाल मे बम्पर वोटिंग हुई है इस पर विज ने कहा कि जहाँ पर सन्देशखाली जैसे काण्ड हुए हो जहाँ पर ईडी पर अटैक होते हो तो वहां पर तो लोग सजा देने को तैयार बैठे है।

**आज मोदी जी ने भारत को आत्मनिर्भर बना दिया कि हम हथियार बेच रहे है : अनिल विज**

भारत ने शुक्रवार को फिलीपींस को शक्तिशाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की पहली खेप डिलीवर कर दी है। देश के डिफेंस एक्सपोर्ट में इसे एक बड़े कदम के तौर पर देखा जा रहा है इस पर खुश होते हुए विज ने कहा कि एक समय था जब हम सभी से हथियार मांगते थे आज मोदी जी ने भारत को आत्मनिर्भर बना दिया कि हम हथियार बेच रहे है !

**कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर इनकी आपसी सहमति नहीं हो पा रही : अनिल विज**

कांग्रेस के कैंडिडेट की लिस्ट अभी तक जारी नहीं हुई ये पूछे जाने पर कि फिर से पेच फंस रहा है इस पर तंज कसते हुए विज ने कहा कि ये मत कहो कि पेच फंसे जा रहा है ये कहो कि इनकी आपसी सहमति नहीं हो पा रही अगर सहमति होती तो पहली मीटिंगमे फैसला हो जाता वहां तो लड़ाईया हो रही है कि इसको टिकट देनी है इसे नहीं देने। विज ने कहा कि पहली बात तो इनके पास बंदे ही नहीं है पकड़ पकड़ कर ला रहे ही रोज नाम चेंज हो जाता है विज ने कहा कि इनकी विफलता साफ नज़र आ रही है।

# भाजपा ने एक बार भी नहीं बढ़ाया कांग्रेस जितना एमएसपी: कुमारी सैलजा

## न वाजपेयी सरकार ने किसानों की सुध ली, न मोदी सरकार ने

## मनमोहन सरकार ने हर बार एमएसपी बढ़ाया, खेती की लागत नहीं



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र में बनी भारतीय जनता पार्टी की सरकारें कांग्रेस के मुकाबले एक बार भी फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी नहीं कर सकी। किसानों की सुध न वाजपेयी सरकार ने ली और न ही 10 साल से सत्ता पर काबिज मोदी सरकार ने। डॉ मनमोहन सिंह की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने हर साल फसलों का एमएसपी बढ़ाकर किसान हितैषी होने का सबूत पेश किया।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि साल 1999 से 2004 तक देश में भाजपा की अगुवाई वाली सरकार थी। उक्त सरकार ने अपने कार्यकाल में धान के दामों में 14 प्रतिशत बढ़ोतरी की, जो सालाना 2.3 प्रतिशत ही रही। लेकिन, कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार के दौरान धान के एमएसपी में कुल 143 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई, जो सालाना 14.3 प्रतिशत दर्ज की गई। साल 2014 के बाद से अब तक भाजपा की मोदी सरकार ने धान के दाम में सिर्फ 54.1 प्रतिशत बढ़ोतरी की है, यानी सालाना बढ़ोतरी 6 प्रतिशत ही रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि साल 1999 से 2004 के दौरान भाजपा गठबंधन की सरकार ने गेहूं के एमएसपी में कुल 10.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की, जो 1.7 प्रतिशत सालाना दर्ज की गई। इसके बाद कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने इसमें 12 गुणा ज्यादा यानी 126 प्रतिशत की बढ़ोतरी की, जो सालाना 12.7 प्रतिशत आंकी गई। जबकि, मोदी सरकार ने 10 साल में कांग्रेस के 126 प्रतिशत के मुकाबले सिर्फ 39.3 प्रतिशत ही बढ़ोतरी की।

कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने सिर्फ धान व गेहूं ही नहीं, प्रत्येक फसल के दामों में ढाई से तीन गुणा (150-200 प्रतिशत) की बढ़ोतरी की। लेकिन, मोदी सरकार में मुश्किल से 50 प्रतिशत का ही इजाफा हुआ है। जबकि, इस दौरान खेती की लागत में कई गुणा बढ़ोतरी हो चुकी है। खेती और खेती से जुड़े सामान, उपकरणों पर टैक्स थोप दिए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने खेती पर कभी कोई टैक्स नहीं लगाया। इसके विपरीत मोदी सरकार ने खाद के कट्टे का वजन 50 किलोग्राम से घटाकर 40 किलोग्राम कर दिया। इसमें नाइट्रोजन की मात्रा को घटा दिया। इससे किसानों को और अधिक खाद का प्रयोग करना पड़ेगा, जिससे उनका खर्चा बढ़ेगा। किसान को दी जाने वाली बिजली महंगी कर दी, क्रूड सस्ता होने के बावजूद डीजल के दाम न घटाने से फसल की लागत बढ़ी है। इससे पता चलता है कि भाजपा सरकार ने सदैव किसानों की जेब काटने का षड्यंत्र ही रचा है।

**मंडी में आने के बाद फसल की जिम्मेदारी ले सरकार**

कुमारी सैलजा ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार के सरसों व गेहूं खरीद व भुगतान के सभी दावे खोखले साबित हो रहे हैं, जबकि अनाज मंडियां सरसों व गेहूं की फसल से भरी हुई है। फसलों का उठान व भुगतान नहीं हो रहा है। वहीं बरसाती मौसम के कारण किसानों व व्यापारियों को उनकी फसल खराब होने का भी भय बना हुआ है। किसान दोहरी मार झेल रहा है। एक ओर मंडियों में खुले आसमान के नीचे फसलों की बोरियां पड़ी है और खुले में अनाज के ढेर पड़े हैं। इसके अलावा मंडियों में बारदाने की भी भारी कमी है, किसानों व व्यापारियों को बारदाना भी उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा है। सरकार द्वारा फसलों की सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब किसान फसल को मंडी में डाल देता है तो उसके बाद फसल की जिम्मेदारी सरकार की ही होनी चाहिए।

# लिफ्टिंग में देरी कर रहे ठेकेदारों के खिलाफ होगी कार्रवाई : डीसी निशांत कुमार यादव




## मुख्य सचिव की वीसी के बाद डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

## मंडियों से फसल उठान के कार्य की समीक्षा की मुख्य सचिव ने

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा है कि जिला की अनाज मंडियों से फसल के उठान कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई ना बरती जाए, अन्यथा इसके लिए जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मंडियों में लेबर और लिफ्टिंग के जो ठेकेदार ठीक से काम नहीं कर रहे हैं, उनका काम रोककर नए ठेकेदारों को अवसर दिए जाएं।

हरियाणा के मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद के साथ वीडियो कांफ्रेंस करने के बाद डीसी आज लघु सचिवालय सभागार में जिला के प्रशासनिक अधिकारी, मार्केटिंग बोर्ड, खाद्य एवं पूर्ति विभाग तथा खरीद एंजेसियों के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

वीडियो कांफ्रेंस में मुख्य सचिव ने सभी जिला उपायुक्त को मंडियों से फसल का उठान तेजी से करवाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जे फार्म कटने के बाद 72 घंटों में किसान की फसल का भुगतान होना चाहिए। वीसी के बाद डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि फसल उठान का कार्य तेजी से किया जाना चाहिए। मंडियों में स्टॉक पड़ा रहा तो इससे खरीद का काम प्रभावित होगा। उन्होंने कहा कि जो ठेकेदार उठान के काम में देरी कर रहे हैं, उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।

डीसी निशांत यादव ने बताया कि हेलीमंडी, फर्रूखनगर, सोहना की मंडी में अभी तक 32 हजार 388.05 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हुई है। इसमें से 16 हजार मीट्रिक टन सरसों अभी मंडियों में है, जिसकी अगले दो दिनों में तीव्रता से लिफ्टिंग करवाई जाए। उन्होंने कहा कि सिवाड़ी गोदाम पर खाद्य एवं पूर्ति विभाग के निरीक्षक यह निगरानी रखेंगे कि कितना स्टॉक यहां पहुंचाया जा रहा है तथा कितने ट्रक व श्रमिक काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 38 हजार 630.50 मीट्रिक टन गेहूं की आवक मंडियों में हो चुकी है। सरसों की लिफ्टिंग पूरी होने के बाद गेहूं का उठान करवाया जाए।

जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक अनिल कुमार ने बताया कि फर्रूखनगर के समीप 8 हजार मी. टन क्षमता का एक गोदाम किराए पर लिया गया है। इससे सरसों का स्टॉक काफी हद तक मंडी से खत्म हो जाएगा। उन्होंने बताया कि मंडियों में पुराने ठेकेदार के स्थान पर नए ठेकेदारों को कार्य आवंटित किया जा रहा है।

इस अवसर पर बादशाहपुर के एसडीएम विश्वजीत चौधरी, सोहना के एसडीएम सोनू भट्ट, गुरूग्राम के एसडीएम रविंद्र कुमार, पटौदी के एसडीएम होशियार सिंह, मानेसर के एसडीएम दर्शन यादव, नगराधीश कुंवर आदित्य विक्रम, मार्केटिंग बोर्ड की क्षेत्रीय प्रबंधक मीतु धनखड़, जिला प्रबंधक विनय यादव, हरियाणा वेयरहाऊस से सुमन, मार्केट कमेटी सचिव सुनीता, विपिन यादव, विद्यासागर इत्यादि मौजूद रहे।

# नगर निगम गुरूग्राम द्वारा फेमस 5 सितारा होटल पर लगाया 25 हजार रूपए का जुर्माना




## जांच के दौरान सेक्टर-29 स्थित होटल वैसटिन में ठोस कचरा प्रबंधन नियमों की पाई गई अवहेलना

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** सरकार द्वारा लागू ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 की पालना सुनिश्चित करवाने की दिशा में नगर निगम गुरूग्राम द्वारा प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत निगम टीमें विभिन्न होटल, मॉल्स आदि का निरीक्षण कर रही हैं तथा नियमों की अवहेलना पाए जाने पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को सफाई निरीक्षक जितेन्द्र कुमार सेक्टर-29 स्थित 5 सितारा होटल वेसटिन पहुंचे। यहां जांच के दौरान उन्होंने पाया कि होटल प्रबंधन द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन नियमों पूरी तरह से दरकिनार किया जा रहा है। यहां पर ना तो कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित किया जा रहा है और ना ही कचरा निष्पादन की कोई व्यवस्था पाई गई। टीम ने मौके पर ही होटल प्रबंधन पर ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 की अवहेलना करने के मामले में 25 हजार रूपए का जुर्माना लगाया।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ द्वारा समय-समय पर निगम क्षेत्र में स्थित बल्क वेस्ट जनरेटरों से अपील की जा रही है कि वे अपने यहां ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 की पालना सुनिश्चित करें। इस नियम के तहत बल्क वेस्ट जनरेटरों को उनके यहां से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग करके उसका स्वयं के स्तर पर अपने ही परिसर में निष्पादित करना अनिवार्य है। नियम के तहत 50 किलोग्राम या इससे अधिक कचरा उत्पन्न करने वाले रिहायशी परिसर, होटल, रेस्टोरेंट, मैरिज पैलेस, औद्योगिक व संस्थागत इकाइयों की यह जिम्मेदारी तय की गई है। सभी अपनी जिम्मेदारियों का पालन करें तथा स्वच्छ गुरूग्राम में सहयोग दें।

# अवैध निर्माणों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी सुनिश्चित

## नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ ने संयुक्त आयुक्तों को दिए स्पष्ट निर्देश

## प्रत्येक शनिवार को अवैध निर्माण, अतिक्रमण तथा अनाधिकृत निर्माणों के विरुद्ध चलाएं विशेष अभियान



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरूग्राम की सीमा में किसी भी प्रकार का निर्माण करने से पूर्व नियमानुसार बिलडिंग प्लान पास करवाना अनिवार्य है। इसके बिना किए जाने वाले निर्माण अनाधिकृत या अवैध माने जाएंगे तथा उन्हें तोडने. की कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम गुरूग्राम द्वारा अवैध या अनाधिकृत निर्माणों तथा अतिक्रमण को किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा तथा इस प्रकार की गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उक्त निर्देश शनिवार को नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ ने सभी संयुक्त आयुक्तों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी संयुक्त आयुक्त अपने-अपने जोन में प्रत्येक शनिवार को पुलिस बल की उपलब्धता के आधार पर विशेष अभियान चलाएंगे। अगर किसी जोन में किसी कारणवश पुलिस सहायता नहीं मिल पाती है, तो रविवार या उसके अगले दिन उस जोन में कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संयुक्त आयुक्तों से कहा कि वे क्षेत्र में दौरा करें तथा अनाधिकृत व अवैध निर्माणों पर नजर रखें। इसके साथ ही इनफोर्समैंट टीम पर भी निगरानी करें। अनाधिकृत या अवैध निर्माण के शुरूआती चरण में ही कार्रवाई करने के निर्देश निगमायुक्त द्वारा दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी गंभीरता से कार्य करें तथा अगर किसी कर्मचारी द्वारा कोई लापरवाही बरती जा रही है, तो उसके विरूद्ध कार्रवाई करें।

बैठक में संयुक्त आयुक्तों ने कहा कि वे उनके जोन से संबंधित डिमोलिशन प्लान तैयार करके कार्रवाई शुरू करेंगे। वर्चुअल माध्यम से आयोजित इस बैठक में संयुक्त आयुक्त सुमन भांकर, डा. नरेश कुमार, विजय यादव, अखिलेश यादव व प्रदीप कुमार शामिल हुए।

# सरकार की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे किसान, नहीं हो रहा अनाज का उठान : लाल बहादुर खोवाल

## अनाज मंडियों में खुले में पड़ा गेहूं बारिश में भीग रहा, भाजपा लोकलुभाव वादे करने में जुटी : लाल बहादुर खोवाल

## गेहूं व सरसों की खरीद की समुचित व्यवस्था न होने पर हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने जताई चिंता



**समाचार गेट ब्यूरो**

**हिसार।** गेहूं व सरसों के उठान की समुचित व्यवस्था न होने एवं अनाज खरीद में भारी अव्यवस्था पर हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने चिंता जताई है। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि सरकार ने गेहूं व सरसों की खरीद के उचित प्रबंध नहीं किए और उसका खामियाजा किसान भुगत रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर की मंडियों में अनाज खुले में पड़ा है। बारिश के कारण कई जगहों पर गेहूं व सरसों भीग गई है। इतना ही नहीं आंधी के कारण भी अनाज को नुकसान पहुंच रहा है।

एडवोकेट खोवाल ने कहा कि अपने आप को किसान हितैषी बताने वाले भाजपा सरकार ने हमेशा किसानों को प्रताड़ित करने का काम किया है। कुछ सप्ताह पहले धरने व प्रदर्शन की मांग करने वाले किसानों पर सरकार ने लाठीचार्ज करवाया और उन पर अत्याचार किए गए। किसान द्वारा तपती गर्मी व बर्फीली सर्दी में जूझकर उगाए गए अनाज की बिक्री की समुचित व्यवस्था नहीं है। अनाज मंडियों में खुले में पड़ा अनाज बारिश के कारण खराब हो रहा है और किसान की कमाई पानी में बह रही है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि सरकारी खरीद के लिए बनाया गया पोर्टल भी सुचारू ढंग से काम नहीं कर रहा। इसके साथ-साथ बारदाने की कमी के कारण भी किसान जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि गेहूं व सरसों की समय पर खरीद व उठान की समुचित व्यवस्था करवाना सरकार की जिम्मेदारी है लेकिन भाजपा केवल लोकसभा चुनाव जीतने के लिए प्रपंच रच रही है। भाजपा ने झूठे व लोकलुभाव वादे करके हमेशा वोट बटोरने का काम किया है।

लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि अब भाजपा की सच्चाई जनता के सामने आ चुकी है। गरीब, मजूदर, किसान व पिछड़ा वर्ग मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरस रहा है। इसी भांति व्यापारी व नौकरीपेशा सहित तमाम वर्ग भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण परेशान हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव शुरू हो गए हैं और जनता अब भाजपा को उसकी गलत नीतियों का मुंहतोड़ जवाब देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने घोषणा पत्र जारी करके स्पष्ट कर दिया है कि किसानों, शोषित व पिछड़ा वर्ग सहित हर वर्ग की बेहतरी के लिए पुख्ता योजनाएं हैं। खोवाल ने कहा कि इस बार कांग्रेस स्पष्ट बहुमत से सरकार बनाएगी और सरकार बनते ही जनहित की नीतियों को तुरंत प्रभाव से लागू किया जाएगा।

# गांव धनवापुर में दो पक्षों के बीच हुए झगड़े में मारपीट होने व गोली चलने के संबंध में

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम 20 अप्रैल।** दिनांक 19.04.2024 को थाना राजेंद्रा पार्क गुरुग्राम में एक सूचना गांव धनवापुर, गुरुग्राम में गोली चलने के संबंध में प्राप्त हुई। सूचना पाकर थाना राजेंद्रा पार्क, गुरुग्राम की पुलिस टीम गांव धनवापुर पहुंची जहां पर ज्ञात हुआ कि दो पक्षों में लड़ाई-झगड़ा व लाठी डंडों से मारपीट हुई है तथा इस दौरान गोली भी चली है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट करने, गोली चलाने तथा जान से मारने की धमकी देने के संबंध में पुलिस टीम को शिकायत दी। उपरोक्त वारदात के संबंध में क्रमशः हिमांशु दहिया व मोनिका की शिकायत पर थाना राजेंद्रा पार्क, गुरुग्राम में शस्त्र अधिनियम व IPC की संबंधित धाराओं के तहत अलग-अलग 02 अभियोग अंकित किए गए। उपरोक्त वारदात में आरोपियों की धरपकड़ के लिए थाना व अपराध शाखाओं की विभिन्न पुलिस टीमें गठित की गई है तथा इस संबंध में कई आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अभियोगों में नियमानुसार अनुसंधान जारी है।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादकः कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः बृह्मदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# तीनों तापों से छुटकारा दिलवाते हैं संत : ज्ञानानंद महाराज

## गुरु गुमानी राम सरोवर का उद्घाटन संपन्न




**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जीवन में हर किसी को भौतिक, दैहिक तथा दैविक तापों से गुजरना पड़ता है। इन तीनों तापों से छुटकारा केवल संत-महात्मा तथा सतगुरु ही दिलवाते हैं। ये विचार कुरुक्षेत्र से पधारे गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज ने आज गोकलगढ़ में व्यक्त किये। वे यहां स्थित स्वामी नितानंद आश्रम में नवनिर्मित गुरु गुमानी राम सरोवर के लोकार्पण के बाद श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता जटेला धाम के पीठाधीश्वर तथा गोकलगढ़ आश्रम के संचालक जाने-माने आध्यात्मिक विचारक महंत स्वामी राजेंद्र दास महाराज ने की। इस अवसर पर आयोजित मंगलाचरण-जाप, हवन-यज्ञ अखंड-पाठ, प्रवचन-सत्संग तथा भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने अगाध श्रद्धा से भाग लिया।

इस अवसर पर दादू पीठ नरेना धाम जयपुर से पधारे दादू संप्रदाय के आचार्य स्वामी ओमप्रकाश दास महाराज ने गुरु महिमा को रेखांकित करते हुए गुरु स्मृति में बनाए गए सरोवर को ऐतिहासिक कार्य करार दिया। समारोह में स्वामी नितानंद महाराज तथा उनके गुरु गुमानी राम महाराज के संदर्भ में अनेक संत महात्माओं ने अपने विचार रखे, जिनमें ऋषिकेश से पधारे स्वामी रमेशानंद महाराज, गुजरात से पधारे स्वामी कल्लू नाथ महाराज, बद्रीनाथ से पधारे स्वामी पुष्कर आनंद महाराज, जींद से पधारे स्वामी सूर्यानंद सरस्वती महाराज, गुरुग्राम आश्रम से कृष्णानंद महाराज, नरेना से सुखदेव महाराज, सीहा आश्रम से स्वामी नरोत्तम दास महाराज तथा टांकड़ी आश्रम से स्वामी कमल सागर महाराज, बाबा मनसाराम महाराज, स्वामी रामानंद महाराज, अनीता महाराज, सज्जन दास महाराज तथा अशोक आनंद महाराज के नाम उल्लेखनीय हैं।

इस अवसर पर साहित्यकार सत्यवीर नाहड़िया के नव प्रकाशित हरियाणवी महाकाव्य सतगुरु नितानंद महाराज का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफेसर रमेश चंद्र शर्मा, डॉ लक्ष्मी नारायण, संजय गुप्ता, कवि दलबीर फूल, गायक मुकेश जांगड़ा, आदि ने पुस्तक लोकार्पण व चर्चा के विभिन्न प्रभार संभाले। समारोह में गुरु गुमानी राम सरोवर समिति के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने इस आयोजन के प्रबंधन में प्रेरक योगदान दिया, जिसके लिए महंत स्वामी राजेंद्र दास महाराज ने सभी का आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि अब गोकलगढ़ आश्रम में आध्यात्मिक कार्यक्रमों के साथ साहित्य, कला, संस्कृति तथा जन जागरूकता के मासिक कार्यक्रमों का आयोजन सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से किया जाएगा। इस अवसर पर पर्यटन निगम के अध्यक्ष डॉ. अरविंद यादव, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के उप कुलपति प्रो. जेपी यादव, राव बिजेंद्र सिंह, सुधीर भार्गव, संजय गुप्ता, सुभाष सोनी, देवेंद्र चेयरमैन, डॉ जब्बर सिंह, राजीव दलाल, मानसिंह, नेकीराम, पुरुषोत्तम, आजाद सरपंच, डॉ. रोहताश, प्रवीण स्वामी, डॉ. समुद्र कौशिक, सविता देवी, सुनीता, आजाद, राकेश, कृष्ण, देवीसिंह, ज्ञानचंद, पवन, प्रदीप, दीपक, अजय, धर्मेंद्र रतिपाल आदि सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मतदाताओं को जरूर सोचना चाहिए.. जनप्रतिनिधि चुनाव को ले

**सेलिब्रिटी की जगह जनता के साथ जुड़े नेताओं को टिकट देनी चाहिए। जो जनता के दुख दर्द जानते है।**

**लोकतंत्र में जनता को जन प्रतिनिधि चाहिए न की सत्ताप्रतिनिधि।**

**वे क्या लोकतंत्र की आवाज बनेंगे, जो अपने ऐ सी वाले महलों से कभी बाहर ही नही आते : गुरिंदरजीत सिंह**

**जो समस्याएं दूर करे, वही हमारा जनप्रतिनिधि : गुरिंदरजीत सिंह**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** साईबर सिटी गुरुग्राम के समाजसेवी इंजीनियर गुरिंदरजीत सिंह अर्जुन नगर ने बताया कि लोकतंत्र का महापर्व यानि चुनाव का आगाज हो चला है। सरकार गठन के लिए चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बीच सरकार गठन व प्रत्याशी को ले कई तरह के चर्चाएं हो रही है। कोई विकास के मुद्दे का राग अलाप रहा तो किसी को जात-पात व धर्म-संप्रदाय का भरोसा है। इस बीच जनप्रतिनिधि कैसा हो का चर्चा भी जोर पकड़े हुए है।

गुरिंदरजीत सिंह ने कहा कि लोगों के बीच जनप्रतिनिधि को ले बहस छिड़ी हुई है। अगर चर्चाओं पर गौर करे तो ईमानदार छवि व साफ-सुथरे व्यक्ति को ही जनप्रतिनिधि के रूप में तरजीह देने का लोग मन मनाये हुए है। वहीं युवाओं को इस चुनाव से खासी उम्मीद है। राजनीतिक दलों ने भी कई सीटों पर युवाओं पर भरोसा दिखलाया है और उन्हें प्रत्याशी घोषित किया है। आपका जनप्रतिनिधि कैसा हो इस मुद्दे को ले लोगों से राय-शुमारी जारी है।

गुरिंदरजीत सिंह ने बताया कि हमे संविधान को बचाना है, लोकतंत्र को बचाना है। हमे चुनाव में ऐसा उम्मीदवार चाहिए जो जनप्रतिनिधि हो, न कि सत्ताप्रतिनिधि। जो नेता जनता के बीच रहकर जनता के सुख दुख में काम आया हो, हमे वही उम्मीदवार के तौर पर चाहिए। जनप्रतिनिधि चुनाव को ले मतदाताओं को चाहिए जरूर सोचना।

उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि आज सत्ताधारी बीजेपी जनप्रतिनिधि से ज्यादा सेलिब्रिटी को टिकट दे रही गई। बीजेपी को जनता से को मतलब नही, उसने ऐसे उम्मीदवार घोषित किए है जिन्होंने आज तक जनता के लिए कोई कार्य नहीं किया। वे सिर्फ चर्चाओं की सुर्खियां रहे है। आज हमे खुद को बीजेपी से बचाने की जरूरत है। उन्होंने सनी देओल, हेमा मालिनी, किरन खेर, हंस राज हंस, गौतम गंभीर जैसे बीजेपी सांसदो की उदाहरण देते कहा कि ऐसे उम्मीदवारों से बीजेपी ने चुनाव तो जीता पर उसके बाद वहा के संसदीय क्षेत्र का कोई विकास नहीं हुआ। सनी देओल तो पिछले पांच साल में अपने संसदीय क्षेत्र गुरदासपुर में दिखे भी नहीं।

गुरिंदरजीत सिंह ने साथ ही बताया कि ऐसा ही हाल है राज रजवाड़ों को टिकट देने का, जैसे गुरुग्राम से राव इंद्रजीत सिंह, को पिछले दस साल से बीजेपी पार्टी की तरफ़ से गुरुग्राम के सांसद है। और इस बार भी बीजेपी ने उन्हे टिकट दी है। वे अपने महल से बाहर जनता के बीच कभी नही आते। हा, चुनाव के समय रैलियों में दिखाई देते हैं। और बात अगर विकास हो, तो बीजेपी ने विकास के नाम पर गुरुग्राम की भोली भाली जनता को जुमलो और धोखे के इलावा और कुछ नही मिला। गुरुग्राम में फैली गंदगी के कारण आज विश्व स्तर पर गुरुग्राम को कूडाग्राम बोला जाने लगा है। हर साल जलभराव से आम जन का रहना दुश्वार हो जाता है। गुरुग्राम कहने को मेट्रोपॉलिटन सिटी है पर गुरुग्राम का इकलौता बस स्टैंड जर्जर हालत में है। मेट्रो का काम पिछले दस साल में शून्य। दस साल में गुरुग्राम में मैट्रो एक इंच मैट्रो भी नही बढ़ी। स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर गुरुग्राम विधानसभा क्षेत्र में इकलौता सामान्य हस्पताल था, जिसको बीजेपी सरकार ने चार पांच साल पहले तोड़ दिया और आज तक नही बना। कोई नई सरकारी डिस्पेंसरी नही खुली। अगर खोली हो तो बीजेपी वाले बताए। शिक्षा क्षेत्र में बीजेपी सरकार ने सरकारी स्कूलों को बंद किया। जबकि बढ़ती जनसंख्या के हिसाब से ओर नए स्कूल बनाने चाहिए। आज गुरुग्राम एक ऐसा शहर है जहां कोई सरकारी मेडिकल कालेज नही। सरकारी खेल कॉलेज नही। सरकारी पशु मंडी नही। ऐसे कितने ही कार्य है जो बीजेपी सरकार ने पिछले दस साल से कभी किए नही।

गुरिंदरजीत सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में जनता को जन प्रतिनिधि चाहिए न की सत्ताप्रतिनिधि। वे क्या लोकतंत्र की आवाज बनेंगे, जो अपने ऐ सी वाले महलों से कभी बाहर ही नही आते। जो समस्याएं दूर करे, वही हमारा जनप्रतिनिधि। इसलिए हमें पार्टी के साथ साथ अपने जन प्रतिनिधि को चुनना चाहिए। जो क्षेत्र के विकास करे और जनता के सुख दुख का भागीदार हो। जिस से हम अपनी आवाज सरकार तक पहुंचा सके और जो लोकतंत्र को मज़बूत करने में सक्षम हो, न कि सत्ता का गुलाम। जय हिन्द। जय भीम। जय संविधान।

# भाजपा कालाधन पानी की तरह बहा ले, हरियाणा की 10 लोकसभा सीट कांग्रेस-इंडिया गठबंधन जितेगा : विद्रोही

**समाचार गेट ब्यूरो**



स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने आरोप लगाया कि उम्मीदवारों की घोषणा के बाद हरियाण भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं में रोष के चलते जो आपसी सिर फुटवेल चल रही है, उससे लोगों का ध्यान हटाने, भटकाने अभी तक कांग्रेस द्वारा अपने उम्मीदवारों की घोषणा न करने को कांग्रेस में गुटबाजी व आपसी लडाई की अफवाहे फैलाकर भाजपा प्रदेश की जनता को ठग रही है। विद्रोही ने कहा कि कांग्रेस में कोई गुटबाजी नही है अपितु कांग्रेस उम्मीदवारों की घोषणा से पहले नेताओं में सर्वसम्मति बनाकर ऐसे उम्मीदवारों की घोषणा करने पर काम कर रही है जो कांग्रेस के सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं को साथ लेकर जनता के आशीर्वाद से सभी सीटों पर जीत दर्ज कर सकें। हरियाणा कांग्रेस अपने 9 उम्मीदवारों का चयन करने से पहले ऐसी पुख्ता रणनीति सर्वसम्मति से बना रही है जिससे प्रदेश की सभी 10 सीटे कांग्रेस व इंडिया गठबंधन की झोली में आये। कांग्रेस हरियाणा में अपने कोटे के 9 उम्मीदवारों व कुरूक्षेत्र में आप कोटे से सुशील गुप्ता सहित सभी दस उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने में टिकट घोषणा में देरी कर रही है।

कांग्रेस की उम्मीदवारों की घोषणा को गुटबाजी व कलह बताने वाले हरियाणा भाजपा नेताओं से विद्रोही ने पूछा कि उन्होंने एक माह से ज्यादा समय से पहले अपने उम्मीदवार घोषित कर दिये, फिर भी क्या एक माह में उनकी आपसी गुटबाजी, उम्मीदवारों के प्रति भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं का रोष कम हुआ? एक माह से ज्यादा अथक प्रयास के बाद भी लगभग सभी दस सीटों पर भाजपा उम्मीदवार पार्टी कार्यकर्ताओं व नेताओं के आतंरिक विरोध का ना केवल सामना कर रहे है, अपितु हर क्षेत्र में बहुत से प्रभावशाली भाजपा नेता-कार्यकर्ता पार्टी उम्मीदवारों का किसी भी हालत में सहयोग न करने का पक्का मन बना चुके है। हां, यह दूसरी बात है कि केन्द्र व हरियाणा में भाजपा की सत्ता होने के चलते भाजपा नेता, कार्यकर्ता सार्वजनिक रूप से बोलने से बच रहे है, पर उनका आचरण, निष्क्रियता, निजी बैठकों के क्रियाक्लाप मतदाताओं को स्पष्ट संदेश दे रहे है कि वे क्या चाहते है? विद्रोही ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस-इंडिया गठबंधन के पक्ष में न केवल जनता में अंडर करंट है अपितु हर लोकसभा क्षेत्र में बहुत से भाजपा नेता व कार्यकर्ता भी पर्दे के पीछे से कांग्रेस उम्मीदवारों को जिताने व भाजपा उम्मीदवारों को हराने की रणनीति बना चुके है। इसे भांपकर बौखलाहट में हरियाणा में भाजपा नेता कांग्रेस के प्रति व्यर्थ का दुष्प्रचार सत्ता व काले धन के बल पर करने में जुटे हुए है लेकिन मतदाता सबकुछ जानता है। विद्रोही ने दावा कि भाजपा लाख सत्ता दुरूपयोग करके जितना कालाधन पानी की तरह बहा ले, लेकिन हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीट कांग्रेस-इंडिया गठबंधन मतदाता के आशीर्वादे से जितेगा।

# पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी पति वारदात के कुछ ही घंटे में गिरफ्तार

**समाचार गेट ब्यूरो**



**गुरुग्राम 20 अप्रैल।** आज दिनांक 20.04.2024 को पुलिस थाना सैक्टर-7 आईएमटी मानेसर गुरुग्राम की पुलिस टीम को एक सूचना गांव खोह, गुरुग्राम में एक महिला की हत्या के सम्बन्ध में प्राप्त हुई। सूचना पाकर पुलिस थाना सैक्टर-7 आईएमटी मानेसर, गुरुग्राम की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची, जहां पर एक महिला मृत अवस्था में मिली। पुलिस टीम द्वारा पुलिस की सीन-ऑफ-क्राइम, एफ.एस.एल. व फिन्गरप्रिंट की टीमों को घटनास्थल पर बुलवाकर घटनास्थल का निरिक्षण किया गया। मृतका के रिश्तेदार की शिकायत के आधार पर थाना सैक्टर-7 आईएमटी मानेसर, गुरुग्राम में हत्या से संबंधित धाराओं के तहत अभियोग अंकित किया गया। उप-निरीक्षक ललित कुमार, प्रभारी अपराध शाखा मानेसर, गुरुग्राम की पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए उपरोक्त अभियोग में आरोपी को कुछ ही घंटे में आज दिनांक 20.04.2024 को सब्जी मंडी रेलवे स्टेशन, दिल्ली से काबू किया। आरोपी की पहचान शारदा प्रसाद निवासी गाँव कमनकापुरा, बराई हरख, थाना होलागढ़, जिला प्रयागराज (उत्तर-प्रदेश) उम्र-25 वर्ष के रूप में हुई। आरोपी से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि यह (आरोपी) अपनी पत्नी (उपरोक्त अभियोग में मृतिका) के चरित्र पर संदेह रखता था, जिसके चलते इसने दिनाँक 19/20.04.2024 की रात इसने अपनी पत्नी के पेट में चाकू से वार किया और वहां से भाग गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जा से उपरोक्त अभियोग की वारदात को अंजाम देने में प्रयोग किया गया चाकू व खून से सने हुए कपड़े बरामद किए है। अभियोग का अनुसंधान जारी है।

# जेजेपी को एक और झटका, जेजेपी कानूनी प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप डागर ने दिया इस्तीफा

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**



**रेवाड़ी।** लोकसभा चुनाव के बीच हरियाणा में दुष्यंत चौटाला की जन नायक जनता पार्टी को एक और झटका लगा है। पार्टी के क़ानूनी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष ने शनिवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। प्रदीप डागर एडवोकेट ने शनिवार को पार्टी से इस्तीफा देने के पीछे व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा जेजेपी अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला और क़ानूनी प्रकोष्ठ अध्यक्ष बलवान सुहाग को भेज दिया है। डागर लंबे समय से चौटाला परिवार से जुड़े रहे हैं, लंबे समय तक रेवाड़ी इनेलो में क़ानूनी प्रकोष्ठ के ज़िला अध्यक्ष व जेजेपी के गठन के समय से क़ानूनी प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष की ज़िम्मेदारी सम्भाल रहे थे। डागर के इस्तीफे से पहले भी कई लोगों ने जेजेपी का साथ छोड़ा है। जेजेपी की राज्य इकाई के अध्यक्ष निशान सिंह ने भी इस महीने की शुरुआत में उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी।








